राजस्व संग्रहण

भूलगान

सेस

दाखिल खारिज

लगान निर्धारण

सैरात

पत्र संख्या :- 9 / ल०-2-0-04/2001 - 84

बिहार सरकार,

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ।

प्रेषक,

श्री के० ए० एच० सुब्रमणियन,
आयुक्त एवं सचिव ।

सेवा में,

सभी समाहर्त्ता ।

पटना - 15, दिनांक 9.2.2002

विषय :- दिनांक 19.11.2001 को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण की बैठक में लिये गये निर्णय का कार्यान्वयन के सम्बन्ध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में कहना है कि दिनांक 19.11.2001 को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण की बैठक में कहा गया है कि पिछलेदो दशक में इस विभाग द्वारा सबसे कम अनुपातिक वृद्धि हुई है । जहां तक उत्पादन क्षमता मूल्यों एवं भूमि की कीमत में इतनी वृद्धि हुई है । उसके अनुपात में राजस्व में वृद्धि नहीं हुई है । भू-राजस्व/उत्पादन लागत का अनुपात काफी गिर गया है और कोई कारण नहीं है कि लोग भू-राजस्व का भुगतान नहीं करेंगे।

पहले से स्पष्ट निदेश सभी जिलों को भेजा हुआ है कि राजस्व वसूली हेतु शिविर आयोजित कर भू-राजस्व वसूली अभियान चला जाय। लोग स्वयं हीभू राजस्व चुकाने को इच्छुक है क्योंकि जमीन पर स्वामित्व का यह सर्वोतम प्रमाण है । ऐसे आयोजित किये जाने वाले शिविर में ही लंबित दाखिल खारिज मामलों को निष्पादित किया जा सकता है जिससे राजस्व वसूली में भी वृद्धि होगी । इस प्रकार शिविर आयोजन में ही सरकारी जमीन, जो बन्दोबस्ती लायक है, का पहचान सरकारी जमीन पर हुई अतिक्रमण का पहचान, गरीबों को आवंटित हदबन्दी/भूदान/सरकारी जमीन में बेदखली के मामलों की पहचान आदि भी सुलभ एवं सक्रिय ढंग से हो जाना है ।

बहुत जिलों की राजस्व मांग के आंकड़े बहुत हद तक Suppressed है । सही आंकड़े निकालने के बारे में कई निदेश दिये जा चुके हैं । कुछ जिलों से राजस्व मांग का सत्यापन गहराई से किया गया है, वहां मांग में काफी वृद्धि हुई है । सभी जिलों को पुन: निदेश दिया जाता है कि अपने जिले के राजस्व मांग को जांच कर सत्यापित कराया जाय । पिछले वर्षों के रिर्टन - I को ठीक से देख लें विशेशकर बकाया मांग के आकड़ें को ठीक से जांच कर लेना अत्यावश्यक है ।

एजेन्सीवार/कर्मचारी वार सप्ताहिक लक्ष्य निर्धारित कर यह सुनिश्चित कर लें कि लक्ष्य के अनुपात वसूली हो रही है । जो भी कर्मचारी या अधिकारी राजस्व वसूली में अभिरुचि नहीं लेते हों या प्रगति नहीं दिखाते है उनपर आवश्यक कार्रवाई होनी चाहिए ।

सैरात वसूली पर भी विशेष ध्यान दिया जाय । सैरात की समय पर बन्दोबस्ती सरकारी दिशा निर्देशों के अनुरुप सुरक्षित जमा निर्धारण, बन्दोबस्ती मे व्यापक प्रचार कर वास्तविक रुप से डाक करना आदि निश्चित करावें । कृषि बाजार समितियों को हस्तानान्तरित सैरातों के लिए उनके द्वार कई जिलो में सालों से निश्चित राशि सरकार को जमा नही किया जाता है । इसकी वसूली में भी आवश्यक ध्यान देना चाहिए। सरकार राजस्व वसूली में वृद्धि एवं लक्ष्य प्राप्ति के प्रति काफी सचेष्ट एवं गम्भीर है साथ हीं लंवित नीलाम पत्र वादों को त्वरित निष्पादन हेतु समुचित एवं ठोसकार्रवाई की जाय ताकि वसूली में कोईबाधा उपस्थित न हो ।

कृपया निर्धारित तिथि पर मासिक प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में जिसमें लगान, रोड सेस, शिक्षा सेस, कृषि विकास सेस, स्वास्थ्य सेस, सैरात एवं विविध का मदवार मांग एवं वसूली (बकाया, हाल एवं शेष को दिखाते हुए) में दर्शाते हुए भेजें ।

राजस्व संग्रहण प्रतिवेदन भेजते समय सभी प्रकार की वसूली का मदवार स्पष्ट रुप से अलग-अलग प्रतिवेदन भेजा जाय यथा:-

(1) भू-लगान एवं सेस, सैरात एवं विविध

(2) व्यावसायिक लगान

(3) नीलाम पत्र वाद

(4) सैरात की बन्दोबस्ती

(5) लीज एवं उसके हस्तान्तरण के फलस्वरुप अंतरण की राशि

(6) खास महाल लीज से संबंधित सलामी

(7) लीज नवीकरण में अनियमितता के कारण आर्थिक दण्ड की राशि

(8) कृषि उत्पादन बाजार समिति द्वारा हाट-बाजार सैरात के मद में जिला में होने वाले 20 प्रतिशत कमीशन की मूल राशि

अत: अनुरोध है कि राजस्व संग्रहण के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रमण्डलीय आयुक्त का मार्गदर्शनप्राप्त कियाजाय एवं प्रमण्डलीय स्तर पर बैठक में भाग लेने की कृपा की जाय । किसी भी हालत में शत प्रतिशत वसूली का लक्ष्य रखते हुए इसके निराकरण हेतु उपाय एवं निदेश जारी किये जायें ।

विश्वासभाजन

(के० ए० एच० सुब्रमणियम)
आयुक्त एवं सचिव ।

ज्ञापांक - 9 ल०-2-0-04/2001 84 / रा० पटना - 15, दिनांक 9.2.2002

प्रतिलिपि सभी प्रमण्डलीय आयुक्त को सूचनार्थ एवं अविलम्ब कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

2- अपने स्तर से भी राजस्व वसूली हेतु निदेश जारी किये जायें एवं वसूली की प्रगति का निरन्तर Monitors किया जाय ।

(के० ए० एच० सुब्रमणियम)
आयुक्त एवं सचिव ।

पत्र संख्या :- 12 / भू० सु० विविध - 11/2000 737 रा०

बिहार सरकार,

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ।

प्रेषक,

श्री के० ए० एच० सुब्रमणियन,

आयुक्त एवं सचिव ।

सेवा में,

सभी समाहर्त्ता ।

सभी उपायुक्त

पटना - 15, दिनांक 3.10.2000

विषय :- भूमि सुधार कार्यक्रमों से संबंधित मामलों को विशेष अभियान चलाकर निष्पादित करने के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषय से संबंधित विभागीय पत्रांक - 1246/ रा० दिनांक 26.12.97 एवं 297 रा० दिनांक 3.4.99 का कृपया स्मरण किया जाय, जिसके द्वारा भूमि सुधार कार्यक्रमों को अभियान चलाकर प्रभवकारी ढंग से कार्यान्वित किये जाने हेतु कई महत्वपूर्ण निदेश दिये गये हैं ।

इसी प्रसंग के अखबारों के माध्यम से एवं विभिन्न प्रमंडलीय मुख्यालयों में हुई आयुक्त, समाहर्ता एवं अन्य राजस्व पदाधिकारियों की बैठक में भी स्पष्ट किया गया है कि ऐसा अभियान अक्टुबर 2000 तक चलाया जायेगा ।

सरकार की स्पष्ट अवधारणा है कि बिहार में उग्रवाद की समस्या मूलत: भूमि कीसमस्या है । भूमि सुधार कार्यक्रमों को प्रभावकारी ढंग से लागू कर तथा भूमि विवादों का निपटारा कर उग्रवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सकता है ।

अत: भूमि संबंधित समस्याओं के निपटारा हेतु भूमि सुधार कार्यक्रमों के अन्तर्गत भू-हदबन्दी की अधिशेष भूमि, भूदान भूमि एवं सरकारी भूमि का वितरण, वासगीत पर्चा एवं दाखिल खारीज आदि मामलों को एक विशेष अभियान चलाकर दिनांक 31.10.2000 तक निष्पादित किया जाना है ।

भूमि सुधार कार्यक्रमों को लागू करते समय समानता का ख्याल अवश्य रखा जाय तथा भूमि वितरण एवं बन्दोबस्ती के समय ही वास्तविक दखल कब्जा दिला दिया जाय ताकि बाद में कोई विवाद उत्पन्न नहीं हो ।

भूमि सुधार कार्यक्रमों के अन्तर्गत गरीबों एवं सुयोग्य श्रेणी के भूमिहीनों को 04 डिसमिल जमीन मुहैया कराया जाना है साथ ही प्रत्येक सुदूर गांवों और टोलों में जहां सड़क नहीं वहां 12 फुट का रास्ता निर्माण कराया जाना है । सरकारी जमीन की अनुपलब्धता की स्थिति में सरकार जमीन अर्जित कर उपलब्ध करायेगी ।

भूमि सुधार की सफलता उसको समय सीमा के अन्दर कार्यान्वित किये जाने पर निर्भर करती है । अतएव एक विशेष अभियान के क्रम में भूमि सुधार कार्यक्रमों का दिनांक 31.10.2000 तक निश्चित रूप से निष्पादित कर दिया जाय तथा कृत कार्रवाई से सरकार को अवगत कराया जाय ।

विश्वासभाजन

(के० ए० एच० सुब्रमणियम)
आयुक्त एवं सचिव ।

ज्ञापांक - 737 रा०, पटना - 15, दिनांक 3.10.2000

प्रतिलिपि सभी प्रमण्डलीय आयुक्त को सूचना शीध्र आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित

(के० ए० एच० सुब्रमणियम)
आयुक्त एवं सचिव ।

॥ फैक्स संवाद ॥

पत्र संख्या :- 15 / ल०-3-विविध - 43/2000 538 रा०

बिहार सरकार,

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ।

प्रेषक,

श्री के० ए० एच० सुब्रमणियन,

आयुक्त एवं सचिव ।

सेवा में,

सभी समाहर्त्ता ।

(संथाल परगना/उत्तरी छोटानागपुर/दखिणी छोटानागपुर एवं
पलामू प्रमण्डल के उपायुक्तों को छोड़कर)

पटना - 15, दिनांक 29.7.2000

विषय :- बिहार काश्तकारी अधिनियम 1885, की उप धारा (4) के प्रावधानों के आलोक में कृषि योग्य भूमि के गैर कृषि प्रयोजनों में उपयोग किये जाने पर लगान पुर्ननिर्धारण के सम्बन्ध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के पत्र संख्या - 15/ल०-2-नीति-11/95-1298 रा० दिनांक 17.12.96 , 15/ल0-3नीति-11/98-837 रा0 दिनांक 3.11.98, 159 रा0 दिनांक 16.2.99 एवं 413 रा0 दिनांक 13.6.2000 का कृपया स्मरण करें । इस प्रसंग में पूर्व के निर्गत सभी निदेशों के आलोक में व्यवसायिक लगान पुनरनिर्धारण के कार्य में तीव्रता लाने एवं वसूली संबंधी कार्रवाई को उच्च प्राथमिकता देने हेतु अनुरोध किया गया था । साथ ही यह भी अनुरोध किया गया था कि विभागीय पत्रांक - 123 दिनांक 13.11.98 के निदेशानुसार निर्धारित प्रपत्र में नियमित रूप से वसूली का मासिक/वित्तीय वर्ष के अनुसार अद्यतन प्रतिवेदन अवश्य ही विभाग में उपलब्ध कराया जाय । परन्तु आप द्वारा इसे भेजने में काफी शिथिलता बरती जा रही है । जिन जिलों से कथित से संबंधित प्रतिवेदन भेजी भी जाती है तो कुछेक जिले को छोड़कर अधिकांशतः जिले का प्रतिवेदन अपूर्ण रहता है । इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है ।

उल्लेखनीय है कि अतिरिक्त संसाधन में वृद्धि लाने हेतु उच्च स्तरीय समीक्षा बराबर की जा रही है ।

अतः अनुरोध है कि उपर्युक्त वांछित प्रतिवेदन नियमित रूप से तुरत भेजें । साथ ही मासिक लगान एवं सैरात वसूली संबंधित प्रतिवेदन जो सरकार को आपके द्वारा नियमित रूपसे भेजना है उसमें भी व्यवसायिक लगानकी मांग (बकाया एवं हाल) एवं उसके विरूद्ध वसूली के आंकड़े अलग से दर्शाकर भेजें ।

कृपया इसे उच्च प्राथमिकता दें ।

विश्वासभाजन

(के० ए० एच० सुब्रमणियम)
आयुक्त एवं सचिव ।

ज्ञापांक - 15/ल0 - 3 - विविध - 43/2000 538 / रा०, पटना - 15, दिनांक, 29.7.2000

प्रतिलिपि सभी प्रमण्डलीय आयुक्त (संथालपरगना/उत्तरी छोटानागपुर/दक्षिणी छोटानागपुरएवं पलामू प्रमंडल के उपायुक्तो को छोड़कर) को राजसव एवं भूमि सुधार विभाग के पत्रांक - 15/ल0 -3- विविध-43/2000-413 रा0 दिनांक 13.6.2000 के प्रसंग में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(के० ए० एच० सुब्रमणियम)

आयुक्त एवं सचिव ।

पत्र संख्या :- 15 / लोखा लेखा - 10/2000 415 /रा०

बिहार सरकार,

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ।

प्रेषक,

श्री के० ए० एच० सुब्रमणियन,

आयुक्त एवं सचिव ।

सेवा में,

सभी समाहर्त्ता/सभी उपायुक्त ।

पटना - 15, दिनांक 16.6.2000

विषय :- लगान पर धार्य होने वाले रोड सेस, शिक्षा सेस, स्वास्थ्य सेस एवं कृषि विकास सेस की नियमित वसूली के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में आपका व्यक्तिगत ध्यान आकृष्ट करते हुए कहना है कि नियमानुसार लगानपर धार्य होने वाले सेसों का निर्धारण/वसूली सही नहीं होने के कारणमहालेखाकार के प्रस्तावित प्रारुप कंडिका/प्रारुप कंडिका/सिविल लेखासंबंधीअनेक कंडिका यथा उपकरों का नहीं लगाया जाना उपकरों का निर्धारित दरसे कम लगाया जाना एवं लगान से विमुक्त जमाबन्दी पर उपकरनहीं लगाना आदि के चलते वर्षों से कंडिकाओं का निस्तार लंबित चला आ रहा है । यदि महालेखाकार द्वारासंपादित जांच अंकेक्षण के क्रम में स्थल अनुपालन अथवा अंकेक्षण प्रतिवेदन का समय निस्तार कर दिया जाय तो प्रस्तावित प्रारुप कंडिका/प्रारुप कंडिका/सिविल लेखा कंडिका बनने का काई प्रश्न ही नहीं रह जाता है ।

(2) सरकार के सामने अनेक मामले ऐसे हैं जिसमें वर्षों से पत्राचार के बाद भी कंडिकाओं का अनुपालन सरकार को नहीं भेजा जाता है फलस्वरुप लोक लेखा समिति की होनेवाली बैठकों में विभागीय स्थिति हास्यास्पद बनकर रह जाती है ।

(3) आप अवगत हैं कि बिहारप्राथमिक शिक्षा (संशोधन) अधिनियम, 1981 के तहत शिक्षा सेस निर्धारित लगान का 50 प्रतिशत पहली अप्रैल 1980 से वसूलनीय है ।

(ii) इसी प्रकार बिहार वित्त अधिनियम 1982 के अनुसार पहली अप्रैल, 1982 से स्वास्थ्य सेस एवं कृषि विकास सेस क्रमशः लगान का 50 प्रतिशत एवं 20 प्रतिशत निर्धारित कर वसूलनीय है ।

(iii) उपर्युक्त के अलावे बिहार सेस (संशोधन) अधिनियम 1981 के अनुसार पहली अप्रैल 1980 से रोड सेस लगान का 25 प्रतिशत धार्य किया जाता है ।

(4) उपरोक्त प्रावधानों के अतिरिक्त बिहार भू-लगान (भुगतान से छूट) अधिनियम 1982 के अनुसार कृषि प्रयोजनार्थ धारित भूमि:-

(क) रांची, पलामू, सिंहभूम, हजारीबाग,गिरिडीह, धनबाद एवं संथालपरगना में 3 हेक्टेयर तक की भूमि ।

(ख) अन्य जिलों जिसका जिक्र ''क'' में नहीं है, में 2 (दो) हेक्टेयर तक की भूमि ।

(ग) कोशी नदी के तटबन्धों के बीच बोधेपुर गांव से महादेव मठ और फुरिया होकर बदला घाट रेलवे स्टेशन के निकट करेह बांध जिसे नदी का पश्चिमी तटबंध पर पड़ने वाले क्षेत्र की 4 (चार) हेक्टेयर तक की भूमि ।

(घ) बिहार भु-लगान (भुगतान से छूट) संशोधन अधिनियम 1992 के अनुसार बिहार अधिनियम - 4, 1982 की धारा - 3 का संशोधन:-

बिहार भू-लगान (भुगतान से छूट) अधिनियम 198 (बिहार अधिनियम -4, 1982) की धारा - 3 के खण्ड (ग) के बाद एक नया खण्ड जोड़ा गया है (घ) जिसके तहत राज्य के उत्तरीएवं दक्षिणी छोटानागपुर तथा पलामू प्रमण्डलों में अवस्थित ताना भगतों को 4 (चार) हेक्टेयर (10 एकड़) तक की भूमि को भू-लगान से विमुक्त किया गया है । परन्तु अधिनियम में यह स्पष्ट व्याख्या है कि उपरोक्त कंडिका ''क'' ''ख'' ''ग'' एवं ''घ'' की भूमि सेस से विमुक्त नहीं होगी अर्थात लगान पर धार्य होने वाले रोड सेस, शिक्षा सेस एवं सवास्थ्य सेस आदि की वसूली लगान विमुक्ति की दशा में भी जारी रहेगी ।

(5) सरकार की यह समझ है कि कंडिका "3" एवं "4" में वर्णित प्रावधानों का यदि सख्ती से पालन किया जाय तो ऐसा कोई कारण नहीं होगा कि महालेखाकार द्वारा उठाई गई आपत्तियों का स्वतः निष्पादन न हो जाय ।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार अपने जिले के भू-राजस्व मांग से संतुष्ट हो लें और यदि आवश्यक हो तो नियमानुसार मांग में आवश्यक संशोधन कर भू राजस्व वसूली हेतु अपने स्तर से अपर समाहर्ता, अनुमण्डलाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, अंचलाधिकारी आदि को कारगर निदेश देकर अनुपालन सुनिश्चित कराने की कृपा की जाय ।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय ।

विश्वासभाजन

(के० ए० एच० सुब्रमणियम)
आयुक्त एवं सचिव ।

ज्ञापांक - 415 रा०, पटना - 15 दिनांक 16.6.2000

प्रतिलिपि सभी प्रमण्डलीय आयुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित । उनसे अनुरोध है कि विषय की गंभीरता को देखते हुए राजस्व संग्रहरण की प्रत्येक प्रमण्डलीय बैठकों में इसे एजेन्डा के रूप में सम्मिलित कर व्यापक विमर्श किया जाय तथा अपने अधिनस्त पदाधिकारियों को अपने स्तर से समुचित निदेश देने की कृपा की जाय ।

(के० ए० एच० सुब्रमणियम)
आयुक्त एवं सचिव ।

ज्ञापांक - 415 रा०, पटना - 15 दिनांक 16.6.2000

प्रतिलिपि, सभी अपर समाहर्ता एवं अपर उपायुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(के० ए० एच० सुब्रमणियम)
आयुक्त एवं सचिव ।

पत्र संख्या :- 15 / ल० - 3 - नीति - 14/98 158 रा०,

बिहार सरकार,

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ।

प्रेषक,

श्री वैद्यनाथ प्रसाद
सरकार के अपर सचिव ।

सेवा में,

समाहर्ता, पटना ।

पटना, दिनांक 16.2.99

विषय :- बिहार कास्तकारी अधिनियम 1885 की धारा 23 को उपधारा (4) के प्रावधानों के आलोक में कृषि योग्य भूमि के गैर कृषि प्रयोजनों में उपयोग किए जाने पर लगान पुनर्निधारण के सम्बन्ध में ।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक विभागीय पत्र संख्या - 1298 दिनांक 17.12.96 के प्रसंग में कहना है कि बिहार कास्तकारी (संशोधन) अधिनियम 1993 द्वारा 1865 के अधिनियम की धारा 23 में उपधारा (4) जोड़कर यह प्रावधान किया गया है कि व्यवसायिक लगान ऐसे मामलों में निर्धारित दर पर लिया जाए, जिन मामलों में भूमि का उपयोग व्यवसायिक कार्य के लिए कियाजा रहा है ।

2- उक्त संशोधन को वैद्यता को माननीय उच्च न्यायालय में कई याचिकाएँ दायर कर चुनौतीदी गई है । समादेश याचिका संख्या - 5411/95 में माननीय उच्च न्यायालय ने दिनांक 25.8.95 को निम्न आदेश पारित किया है :-

"so far as the stay is concerned any retrospectivge demand at the revised rate is stayed.So far as current demands are concerned, from 11.5.94, the petitioner shall pay the 25% of the enhanced amount. "

3- माननीय उच्च न्यायालय के उक्त आदेश एवं विधि विभाग के परामर्श के आलोक में राज्य सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि:-

(i) माननीय उच्च न्यायालय के उक्त फैसले का लाभ सिर्फ उपर्युक्त याचिका के याचिकाकर्त्ता को ही प्राप्त होगा ।

(ii) किन्तु संशोधित अधिनियम के अनुसार संप्रति लगान एवं सेस दिनांक 11.5.94 से ही आकलित एवं वसूलनीय होगा ।

विश्वासभाजन

(वैद्यनाथ प्रसाद)
सरकार के अपर सचिव ।

ज्ञापांक - 15/ल०-3-नीति-14/98 159 रा०, पटना - 15, दिनांक 16.2.99

प्रतिलिपि, सभी समाहर्ता को सुचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(वैद्यनाथ प्रसाद)
सरकार के अपर सचिव ।

पत्र संख्या :- 15 / ल० - 3 - नीति - 14/98 159 रा०,

बिहार सरकार,

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ।

प्रेषक,

श्री वैद्यनाथ प्रसाद
सरकार के अपर सचिव ।

सेवा में,

समाहर्ता, पटना ।

पटना, दिनांक 16.2.99

विषय :- बिहार काश्तकारी अधिनियम 1885 की धारा 23 को उपधारा (4) के प्रावधानों के आलोक में कृषि योग्य भूमि के गैर कृषि प्रयोजनों में उपयोग किए जाने पर लगान पुनर्निधारण के सम्बन्ध में ।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक विभागीय पत्र संख्या - 1298 दिनांक 17.12.96 के प्रसंग में कहना है कि बिहार काश्तकारी (संशोधन) अधिनियम 1993 द्वारा 1865 के अधिनियम की धारा 23 में उपधारा (4) जोड़कर यह प्रावधान किया गया है कि व्यवसायिक लगान ऐसे मामलों में निर्धारित दर पर लिया जाए, जिन मामलों में भूमि का उपयोग व्यवसायिक कार्य के लिए कियाजा रहा है ।

2- उक्त संशोधन को वैद्यता को माननीय उच्च न्यायालय में कई याचिकाएँ दायर कर चुनौतीदी गई है । समादेश याचिका संख्या - 5411/95 में माननीय उच्च न्यायालय ने दिनांक 25.8.95 को निम्न आदेश पारित किया है :-

"so far as the stay is concerned any retrospective demand at the revised rate is stayed.So far as current demands are concerned, from 11.5.94, the petitioner shall pay the 25% of the enhanced amount. "

3- माननीय उच्च न्यायालय के उक्त आदेश एवं विधि विभाग के परामर्श के आलोक में राज्य सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि:-

(i) माननीय उच्च न्यायालय के उक्त फैसले का लाभ सिर्फ उपर्युक्त याचिका के याचिकाकर्त्ता को ही प्राप्त होगा ।

(ii) किन्तु संशोधित अधिनियम के अनुसार संप्रति व्यवसायिक लगान एवं सेस दिनांक 11.5.94 से ही आकलित एवं वसूलनीय होगा।

विश्वासभाजन

(वैद्यनाथ प्रसाद)
सरकार के अपर सचिव ।

ज्ञापांक - 15/ल०-3-नीति-14/98 159 रा०, पटना - 15, दिनांक 16.2.99

प्रतिलिपि, सभी समाहर्ता को सुचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(वैद्यनाथ प्रसाद)
सरकार के अपर सचिव ।

पत्र संख्या :- 15 / ल० - 3 - नीति - 18/98 954 रा०,

बिहार सरकार,

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ।

प्रेषक,

श्री डी० पी० महेश्वरी,
आयुक्त एवं सचिव ।

सेवा में,

समाहर्ता/उपायुक्त ।

पटना, नालन्दा, भोजपुर, रोहतास, कैमूर, बक्सर, जहानाबाद, छपरा, सीवान, गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, वैशाली, बेतिया, मोतिहारी, दरभंगा, समस्तीपुर, मधुबनी, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णियाँ, कटिहार, किशनगंज, अररिया, शेखपुरा, लखीसराय, बेगूसराय, पाकुड़, हजारीबाग, बोकारो, कोडरमा, चतरा, रांची, गुमला, लोहरदग्गा, चाईबासा, जमशेदपुर, पलामू एवं गढ़वा।

पटना, दिनांक 24.12.98

विषय :- अनुसूची एक्स० आई० भी० (XIV) के प्रपत्र क्रम 180 भी (लगान रसीद बही) की आपूर्ति करने के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि अनुसूची एक्स आई० भी० (XIV) के प्रपत्र क्रम 180 भी (लगान रसीद बही) संलग्न सूची के अनुसार पत्रप्राप्ति के एक सप्ताह के भीतर अपने जिले के व्यादेश के साथ आपके द्वारा प्राधिकृत विशेष दूत को अधीक्षक, प्रेस और फॉर्म्स, गया भेजकर वहां से इन लगान रसीद बहियों को प्राप्त कर लें तथा इसकी सूचना फैक्स संवाद से सरकार को भी दी जाय ।

विश्वासभाजन

(डी० पी० महेश्वरी)
आयुक्त एवं सचिव ।

ज्ञापांक - 954 रा०, पटना दिनाक 24.12.98

प्रतिलिपि अधीक्षक, प्रेस एवं फॉर्म्स गया को उनके फैक्स पत्रांक 411 निवास दिनांक 21.12.98 के प्रसंग में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(डी० पी० महेश्वरी)
आयुक्त एवं सचिव ।

ज्ञापांक - 954 रा०, पटना दिनाक 24.12.98

प्रतिलिपि श्रीमती नीलम नाथ, अपर वित्त आयुक्त, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित ।

(डी० पी० महेश्वरी)
आयुक्त एवं सचिव ।

पत्र संख्या :- 15 / ल० - 3 - नीति - 27 / 97 914 /रा०,

बिहार सरकार,

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ।

प्रेषक,

श्री डी० पी० महेश्वरी,
आयुक्त एवं सचिव ।

सेवा में,

समाहर्ता, मधुबनी ।

पटना, दिनांक 9.12.98

विषय :- गैर मजरूआ आम एवं खास जमीन की जमाबंदी रद्द करने के सम्बन्ध में ।

महाशय,

आपके उपर्युक्त विषयक पत्र संख्या - 210 मु0 दिनांक 31.8.97 एवं 299 मु0 दिनांक 21.11.97 के प्रसंग में कहना है कि गैर मजरूआ आम/खास जमीन के संबंध में भूतपूर्व जमींदार द्वारा निर्बंधित पट्टा या सादा हुकुमनामा द्वारा की गयी बन्दोबस्ती एवं उसके आधार पर खोली गयी जमाबंदी के संबंध में राज्य के कई जिलों में भूमि विवाद को समस्या उत्पन्न हुई है । जहानाबाद जिले के लक्षमण बाथे गांव में हुई घटना के बाद भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने भी भूमि विवाद से संबंधित महत्वपूर्ण मामलों की पहचान कर सम्यक निदान करते हेतु राज्य सरकार से आग्रह किया है। तदनुसार विभागीय पत्रांक - 12/ भूदान - 12/97-1246 राजस्व दिनाक 26.12.97 द्वारा विस्तृत अनुदेश सभी समाहर्ताओं एवं उपायुक्तों को दिया गया है जिसपर तत्परता के साथ कार्रवाई अपेक्षित है ।

2- बिहार में तीन टोनेन्सी एक्ट्स - बिहार टेनेन्सी एक्ट, छोटानागपुर टेनेन्सी एक्ट एवं संथालपरगना टेनेन्सी एक्ट लागू है । सभी प्रकार के भूमि तथा उसके उपयोग के अधिकार इस टेनेन्सी एक्टस में उल्लिखित है । इनके अनुसार भूमि को निम्नलिखित तीन श्रेणियों में साधारणतया राखा जा सकता है ।

(क) रैयती भूमि जिसपर रैयत का अधिकार है ।

(ख) गैर मजरूआ आम भूमि जिसपर ग्राम, समाज या नागरिकों का अधिकार है ।

(ग) गैरमजरूआ मालिक/खास, परती कदीम भूमि जिस पर जमींदारी अन्मूलन के पूर्व भूतपूर्व जमींदार का अधिकार था, किन्तु भूमि सुधार अधिनियम 1950 के प्रभावी होने के फलस्वरुप ऐसी भूमि सरकारमें निहित हो गयी है तथा जिसपर बिहार सरकार का अधिकार है ।

इसके अतिरिक्त कैसरे हिन्द के नाम से जो खतियान में दर्ज था, वह भूमि दखल कब्जा के आधार पर केन्द्र सरकार की है या बिहार सरकार की । इसी तरह जंगल, झाड़ी, नदी नाला आदि भूमि दखल कब्जा के आधार पर बिहार सरकार के अधिकार में है ।

3- बहुत से जिलों से ऐसे मामले प्रतिवेदित हो रहे हैं, जहां अवैध ढंग से कनीय पदाधिकारियों ने सरकार मे निहित भूमि की भी जमाबंदी खोल दिया है, जिसके संबंध में जांच कर आवश्यक कार्रवाई करना आवश्यक है, ताकि सरकार के हितों की रक्षा हो सके । उल्लेखनीय है कि जमींदारी उन्मूलन के तत्काल बाद सरकार ने "फिल्ड बुझारत" योजना प्रारंभ की थी, जिसका उद्देश्य भूतपूर्व जमींदार द्वारा दाखिल रिटर्न के सम्बन्ध में स्थल पर वास्तविक स्थिति का पता लगाकर अधिकार अभिलेखों को अद्यतन करना था । जमींदारी उन्मूलन के बाद भूतपूर्व जमींदार को बिहार भूमि सुधार अधिनियम 1950 के अधीन अपने जमींदारी स्वार्थ के बारे में रिटर्न देना आवश्यक था । इसमें रैयती भूमि की विवरणी के साथ साथ उनके द्वारा बन्दोबस्त की गयी गैरमजरूआ मालिक एवं आम भूमि की विवरणी तथा ऐसी भूमि जिसका उपयोग स्वयं भूतपूर्व जमींदार कर रहे थे देना आवश्यक था । इसी रिर्टन को आधार मानकर उस समय भू-लगानवसूली पंजी भी तैयारकिया गया बाद में बिहार भूमि सुधार अधिनियम की धारा 5, 6, 7 के अन्तर्गत गैर मजरूआ मालिक आदि भूमि जो भूतपूर्व जमींदार के खास दखल कब्जे में थी का लगान भी निर्धारित किया गया।

इसी समय ऐसी भूमि जो ''भउली'' थी अर्थात जिसका लगान उपज द्वारा लिया जाता था का भी नये सिरे से लगान निर्धारण किया गया । साथ ही ''फिल्ड बुझारत'' के दौरान रिर्टन में छूट रैयतों की विवरणी तथा जमींदार द्वारा की गयी बन्दोबस्ती की सूचनाएं संग्रहित कर लगान निर्धारित करते हुए जमाबदीपंजी भी यथा समय अद्यतन किया गया ।

4- फिर भी राज्य सरकार को यह सूचना प्राप्त हो रही है कि कर्मचारी या कनीय पदाधिकारी द्वारा अवैध रुप से बिना सक्षम पदाधिकारी के आदेश के जमाबंदी खोलने एवं सरकारी भूमि को अवैध रुप से क्षति पहुंचाने की कार्रवाई हुई है । राज्य सरकार के द्वारा 1967 में ही यह निदेशनिर्गत है कि समुचित छान-बीन के उपरान्त ही अनुमंडल पदाधिकारी जमाबंदी खोल सकते हैं । अगर सरकार के इस अनुदेश का उल्लंघन किया गया है तो सरकार इसे गंभीरता से लेती है और जिला पदाधिकारियों एवं उपायुक्तों को यह निदेश देती है कि चूंकि ऐसी जमाबंदी बिल्कुल अवैध बिना आधार के है, अत: उसे रद्द कर सकते हैं एवं संबंधित पदाधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा सकती है ।

5- बिहार भूमि सुधार अधिनियम 1950 की धारा 4-एच के अन्तर्गत अगर भूतपूर्व जमींदारों ने बिहार भूमि सुधार के उद्देश्यों को विफल करने के उद्देश्य से या सरकार को घाटा या क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से या निजी लाभ लेने के उद्देश्य से बन्दोबस्ती या हुकुमनामा निर्गत किया है और उसके आधार पर जमाबंदी खोल दी गयी है, तो इससंध में जांच समाहर्त्ता या उपायुक्त धारा 4 - एच के अन्तर्गत कर सकते हैं और अंतिम आदेश पारित कर सकते हैं । लेकिन उपर्युक्त धारा 4-एच में यह भी प्रावधान है कि ऐसे आदेश पर राज्य सरकार को संपुष्टि प्राप्त करने के बाद ही जमाबंदी रद्द की जाय अथवा जमीन को दखल कब्जा में लिया जाय । अत: ऐसे मामलों में आयुक्त के माध्यम से सरकार की अनुमति लेकर ही जमाबन्दी रद्द की जाय, अन्यथा उच्च या सक्षम न्यायालय द्वारा ऐसे आदेश को रद किया जा सकता है । इस संबंध में विभिन्न नयालयों के निर्णयों की संक्षिप्त विवरणीस्थिति को स्पष्ट करने के लिए दी जा रही है ।

6- माननीय उच्च न्यायालय में जमाबंदी रद्द करने के विरुद्ध कई रिट याचिकाएं निष्पादित हुई है जिसमें रिट याचिका संख्या 2297/98 शिस गोप एवं अन्य बनाम उप समाहर्ता भूमि सुधार, जमुई एवं अन्य में दिनांक 21.12.62 का फैसला ए0आई0ई0 1983, पेजा - 12 रिट याचिका संख्या - 641 /75 हरिहर सिंह एवं अन्य बनाम अपर समाहर्ता, भूमि सुधार मुंगेर में दिनांक 23.12.76 का फैसला, बीबी0सी0जे0 1978 पृष्ठ 323 रिट याचिका संख 4290/98 जमालुददीन अहमद बनाम एस.डी0ओ0 खगड़ियाएवं अन्य में दिनांक 26.9.79 काफैसला बी0बी0सी0जे0 1979 पृष्ठ - 605 पर प्रकाशित फैसलों को अवलोकन कियाजाय । अन्तिम दो रिट याचिकाओं में भूतपूर्व जमींदार द्वारा क्रमश: 1940 एवं 1938 में सादा हुकुमनामा द्वारा बन्दोबस्ती की गई थी। उसके बारे में रिटर्न में भीनाम नहीं दिया गया था परन्तु राजस्व पदाधिकारी द्वारा जमाबंदी कायम की गई। इसके वर्षो बाद जमाबंदी रद्द करने को रिट याचिकाओं में चुनौती दी गई थी जिसे माननीय उच्च न्यायालय द्वारा स्वीकृत किया गया है । ऐसे मामलों में सरकार के विरुद्ध एस्टोपेल (.....) माना गया । उपर्युक्त प्रथम रिटयाचिका में यद्यपि बन्दोबस्ती 1950 की है जिसकी जांच धारा 4 एच के अधीन कीजा सकती थी परन्तु अपने हीस्तर से उप समाहर्ता भूमि सुधार जमुई द्वारा जमाबंदी रदद करने के आदेश को उक्त रिट याचिका में खारिज करते हुए रिट स्वीकृत किया गया है ।अतएव गैरमजरूआ मालिक या आम भूमि से संबंधित हुकुमनामा तथा जमाबंदी जिसके बारे में भूमि विवाद हो उस पर सावधानीपूर्वक जांच एवं कार्रवाई अपेक्षित है । सादा हुकुमनामा के आधार पर अभी भी काफी मामले विभिन्न पदाधिकारियों के समक्ष आते होंगे, जिनका नाम रिटर्न में नहीं हो सकता है। ऐसे एन्टीडेटेड अनिबंधित हुकुमनामों के आधार पर जमाबंदी खोलना गलत होगा। सरकार के निदेश देती है कि ऐसे अपुष्टआधारपर बिना सक्षम पदाधिकारी के आदेश के खोले नए जमाबंदी पंजी-II में ऐसे सम्मिलित जमाबंदी का पतालगाकर ऐसे जमाबंदियों को समाहर्ता/उपायुक्त जांच कर रदद करते हुएधारा 4 - एच के अन्तर्गत सरकार को प्रस्ताव भेजें । सरकारकी सम्पुष्टि प्राप्त कर ही जमाबंदी रद्द की जाय ।

उल्लेखनीय है कि जमींदारों को ऐसी भूमि बन्दोबस्ती जिस भूमि कामूल्य सौ रुपया या अधिक था को इंडियन रजिस्टेशन एक्ट की धारा17 के अन्तर्गत निबंधित करानी चाहिए थी । अत: इस कारण से भीऐसे सादा हुकुमनामों को अब कोई बैध आधारनहीं रह गया है । इसके अतिरिक्त विभिनन जिलों में सर्वे एवं चकबन्दीके अन्तर्गत किस्तवार, खानापुरी तत्दीक एवं अन्य कार्य सम्पन्न किये गये हैं । उन अभिलेखों को भी देखने से ज्ञात होगा कि ऐसी भूमि बिहार सरकार या सार्वजनिक घोषित की गई है । अत: ऐसे दावों को रद्द करने में कोई हिचकिचाहट नहीं

होनी चाहिए। ऐसे मामलों में अगर न्यायालय में मुकदमा दर्ज किया गया है तो सरकारके हितों की रक्षा के लिए प्रभावकारी कार्वाई की जानी चाहिए।

7- जहां तंक गैरमंजरूआ आम जमीन की जमाबंदी का प्रश्न है इसके बारे में पूरी जांच की जाये कि उक्त भूमि के स्वरुप में परिवर्तन के पश्चात ग्राम समाज से सहमति पाप्त कर सरकार द्वारा बन्दोबस्ती की गई या मनमाने ढंग से भूतपूर्व जमींदार द्वारा बंदोबस्ती की गई है उल्लेखनीय है कि मजींदारों को गैर मजरूआ आम भूमि की बंदोवस्ती का अधिकार ही नहीं था । अवैध आधार पर कायम ऐसी जमाबंदी भी रदद करने योग्य है और इन जमाबंदियों में सन्निहित जमीन पर विभागीय परिपत्र ई/XI/-1030/53-4097/ एल0 आर0 दिनांक 23.9.53 (प्रतिलिपि संलग्न) के आधार पर कार्रवाई की जा सकती है। वर्तमान में केवल राज्य सरकार ही स्वरुप परिवर्तन हुए गैर मजरूआ आम भूमि को बन्दोबस्ती कर सकती है।

अनुरोध है कि उक्त निदेशों के आलोक में गैरमजरूआ आम एवं खास जमीन की अवैध जमाबंदी रदद करने की कार्रवाई की जाय।

विश्वासभाजन

(डी० पी० महेश्वरी)
आयुक्त एवं सचिव ।

ज्ञापांक - 914 रा0, पटना दिनांक 9.12.98

प्रतिलिपि सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी समाहर्त्ता/सभी उपायुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(डी० पी० महेश्वरी)
आयुक्त एवं सचिव ।

पत्र संख्या :- 1/ ल० - 3 - नीति - 11 / 98 837 /रा०,

बिहार सरकार,

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ।

प्रेषक,

श्री डी० पी० महेश्वरी,
आयुक्त एवं सचिव ।

सेवा में,

सभी समाहर्ता ।
संथाल परगना, उत्तरी छोटानागपुर एवं दक्षिणी छोटानागपुर के प्रमंडलों के उपायुक्तो को छोड़कर

पटना, दिनांक 3.11.98

विषय :- बिहार काश्तकारी अधिनियम 1885 की उपधारा - 4 के अंतर्गत प्रावधानों के आलोक में कृषि योग्य भूमि के गैर कृषि प्रयोजनों में उपयोग किये जाने पर लगान पुनर्निधारण के संबंध में ।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक विभागीय पत्रांक 1298 रा0 दिनांक 17.12.96 के प्रसंग में मुझे कहना है कि सरकार के समक्ष कुछ ऐसे दृष्टात आए हैं, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि भूमि के बाजार मूल्य के निर्धारण एवं जिस भूमि काव्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है उस भूमि के व्यवसायिक लगान के निर्धारण में एकरूपता नहीं बरती जा रही है । फलस्वरुप कई विवाद उत्पन्न हो गए हैं । इस बिन्दु पर पूर्ण समीक्षोपरान्त राज्य सरकार न निर्णय लिया है कि-

(1) भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 अधिनियम - 1, 1899 के अंतर्गत बिहार स्टाम्प लिखित का न्यून मूल्यांकननिवारण नियमावली 1995 में निहित प्रावधानों के अंतर्गत निर्धारित बाजार मूल्य को ध्यान में रखकर व्यवसायिक लगान की गणना की जाय ।

(2) बिहार लगानपुनर्निधारण नियमावली 1995 के क्रमांक, में यह प्रावधान किया गया है कि व्यवसायिक कार्य हेतु उपयोग किए जानेवाली भूमि का लगान युक्तिसंगत Reasonable आधार पर किया जाए । इस बिन्दु के आलोक में व्यवसाय की प्रकृति एवं आकार को ध्यान में रखते हुए आजार मूल्य काकम से कम 3 प्रतिशत अधिक से अधिक 5 पतिशत व्यवसायिक लगान निर्धारित किया जाए ।

(3) व्यवसायिक लगान की गणना उतनी ही भूमि पर की जाए जिनी भूमि वास्तविक रूप व्यवसाय एवं व्यवसाय से संबंधित कार्य में प्रयोग में लाई जारही है ।

(4) तत्संबंधी आवश्यक निदेश अपने स्तर से भी सभी अपर समाहर्त्ता/अनुमंडल पदाधिकारी/भूमि सुधार उप समाहर्त्ता/अंचलाधिकारी को किया जाए ।

विश्वासभाजन

(डी० पी० महेश्वरी)
आयुक्त एवं सचिव ।

ज्ञापांक - 837 रा0, पटना दिनाक 3.11.98

प्रतिलिपि सभी प्रमंडलीय आयुक्त संथालपरगना एवं छोटानागपुर प्रमंडल को छोड़कर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(डी० पी० महेश्वरी)
आयुक्त एवं सचिव ।

पत्र संख्या :- 15/ ल० - 3 - नीति - 16 / 98 668 /रा०,

बिहार सरकार,

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ।

प्रेषक,

श्री डी० पी० महेश्वरी,
आयुक्त एवं सचिव ।

सेवा में,

समाहर्ता / उपायुक्त ।
पटना/नालंदा/भोजपुर/रोहतास/कैमुर/बक्सर/जहानाबाद/सीवान/मुजफ्फरपुर/सीतामढ़ी/वैशाली/बेतिया/मोतिहारी/दरभंगा/समस्तीपुर/पूर्णिया/कटिहार/किशनगंज/अररिया/बेगुसराय/हजारीबाग/गिरिडीह/बोकारो/कोडरमा/चतरा/रांची/लोहरदग्गा/चाईबासा/जमशेदपुर/पलामू एवं गढ़वा ।

पटना, दिनांक 15.10.98

विषय :- अनुसूची-एक्स आई० भी० (XIV) के प्रपत्र क्रम 180 भी (लगान रसीद बही) की आपूर्ति करने के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि अनूसूची एक्स०आई०भी० (XIV) के प्रपत्र क्रम 180 भी लगान रसीद बही संलग्न सूची के अनुसार पत्र प्राप्ति के एक सप्ताह के भीतर अपने जिले के व्यादेश के साथ आपको द्वारा प्राधिकृत विशेषदूत को अधीक्षक प्रेस और फार्म्स, गया भेजकर वहां से इन लगान रसीद बहियों को प्राप्त कर लें तथा इसकी सूचना फैक्स संवाद से सरकार को भी दी जाए ।

विश्वासभाजन

(डी० पी० महेश्वरी)
आयुक्त एवं सचिव ।

ज्ञापांक - 672 रा०, पटना दिनाक 15.10.98

प्रतिलिपि अधीक्षक प्रेस एवं फार्म्स, गया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(डी० पी० महेश्वरी)
आयुक्त एवं सचिव ।

पत्र संख्या :- 15/ ल० -3 - नीति - 1/ 97 521 /रा०,

बिहार सरकार,

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ।

प्रेषक,

श्री डी० पी० महेश्वरी,

आयुक्त एवं सचिव ।

सेवा में,

महालेखाकार बिहार, राँची ।

पटना, दिनांक 10.7.98

विषय :- सेस के बकाये पर सूद नहीं लिये जाने के संबंध में महालेखाकार के अंकेक्षण दल द्वारा अंकित आपत्ति के संबंध में ।

महाशय,

अंकेक्षण दलों द्वारा विभिन्न जिलों में अंकेक्षण के पश्चात अंकेक्षण प्रतिवेदन में यह आपत्ति उठाई गई थी कि सेस के बकाये पर 12 प्रतिशत की दर से सूद नहीं लिये जाने के कारण सरकारी राजस्व में क्षति हुई है । साथ ही इस संबंध में आपके अर्द्ध सरकारी पत्र सं० ए-ए आर रा० / 22/82-83/443 दिनांक 23.7.83 द्वारा यह अंकेक्षण आपत्ति संसूचित की गयी है कि सेस एक्ट 1980 के अन्तर्गत बकाये सेस पर कोई सूद या कैलकशन चार्ज 42 अंचलों में नहीं लिया गया जिससे कि वर्ष 1980-81 में 47,599.00 रुपये एवं वर्ष 1981-82 में 15,305.00 रूपये की राजस्व की क्षति हुई ।

2- इस संबंध में सरकार ने समीक्षा कर यह निर्णय लिया है कि जब तक बकाये सेस का पब्लिक डिमाण्ड रिकभरी एक्ट के अधीन सर्टीफिकेट दायर नहीं कर दिया जाय, तबतक बकाये राशि पर 6¼ प्रतिशत सूद नहीं वसूला जाय । अर्थात बिहार सरकार राजस्व विभागीय पत्रांक 10/ल0 2-04/79 -2062 (रा0) दिनांक 11.9.79 के अनुसार "इन्सट्रक्शन फौर दी गाईडेन्स ऑफ दी कर्मचारीगण इन गर्वनमेन्ट इस्टेट" पुस्तिका के नियम 13 और गर्वनमेन्ट इस्टेट मैनुअल के नियम 94 तथा बिहार भू-सुधार अधिनियम की धारा 13 के उपबंधों, जिन्हें मात्र कार्यपालक अनुदेश के रूप में नहीं लिया जा सकता है के आलोक में मालगुजारी के बकाये पर तभी सूद लिया जाता है जब उसके संबंध में सर्टिफिकेट दायर कर दिया गया हो । अत: सेस के बकाये के संबंध में भी सरकार ने वैसा ही निर्णय लिया है ।

3- अत: उपर्युक्त 42 अंचलों से संबंधित कुल 62,904.00 रूपये की राजस्व क्षति संबंधी सभी लेखा आपत्तियों को कृपया समाप्त कर दिया जाय ।

विश्वासभाजन

(डी० पी० महेश्वरी)
आयुक्त एवं सचिव ।

ज्ञापांक - 221 रा0, पटना दिनाक 10.7.98

प्रतिलिपि वित्त विभाग, बिहार पटना/सभी प्रमंडलीय आयुक्त सभी जिला पदाधिकारी/सभी अपर समाहर्ता/सभी अनंमंडलाधिकारी / सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता / सभी अंचल अधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित ।

(डी० पी० महेश्वरी)
आयुक्त एवं सचिव ।

ज्ञापांक - 221 रा0, पटना दिनाक 10.7.98

प्रतिलिपि 25 अतिरिक्त प्रतियों के साथ श्री विजय कुमार गुप्ता सहायक प्रशाखा 15 राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग बिहार पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

2- कृपया इसको एक प्रति प्रशाखा -15 के गार्ड फाइल में रख दिया जाय ।

(डी० पी० महेश्वरी)
आयुक्त एवं सचिव ।

पत्र संख्या :- 15-ल-2 नीति 11/95 भाग - 1298 रा०

बिहार सरकार,

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ।

प्रेषक,

श्री एस० एन० पी० एन० सिन्हा,

आयुक्त एवं सचिव ।

सेवा में,

सभी समाहर्त्ता

सभी उपायुक्त

पटना 15 दिनांक 17.12.96

विषय :- बिहार काश्तकारी अधिनियम, 1885 की उपधारा (4) के अन्तर्गत प्रावधानों के आलोक में कृषि भूमि के गैर कृषि प्रयोजनों में लाने पर लगान का पुनः निर्धारण करने के संबंध में ।

महोदय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक विभागीय पत्र सं0 11 भू0 सु0 -10-21/94-363 रा0 दिनांक 11.5.94 एवं अनुवर्ती प0 सं0 11 भू0 सु0 -10-21/94-247 रा0 दिनांक 4.6.96 की ओर आपका ध्यानाकृष्ट करते हुए कहना है कि बिहार काश्तकारी (संशोधन) अधिनियम 1993 (गजट प्रति संलग्न) की प्रकाशित कर बिहार काश्तकारी अधिनियम, 1885 की धारा 23 मे उप-धारा (4) जोड़कर यह प्रावधान किया गया है कि कोई रैयत समाहर्ता की पूर्व निर्मित से अपनी भूमि का उपयोग वैसे प्रयोजनों के लिये कर सकेगा जो उक्त उपधिनियम की धारा (2) में प्रगणित नहीं होते हों । बिहार काश्तकारी (संशोधित) अधिनियम, 1993 में ऐसे भूमि के लगान पुनः निधारण करने हेतु समाहर्ता को अधिकृत करते हुए बाजार मूल्य का 5 (पाँच) प्रतिशत तक लगान निर्धारण का अधिकार दिया गया है ।

2- विभागीय पत्रसं0 11 भू0 सु0 - 10-21/94-363 रा0 दि0 11.5.94 की कंडिका 2 में कहा गया था कि यदि कोई रैयत उक्त अधिनियम के प्रवृत होने के पूर्व से ही उप-धारा (2) में प्रगणित प्रयोजनों से भिन्न प्रयोजनों में अपनी भूमि का उपयोग कर रहा हो तो वह अनुमति के लिए इस अवधि नियम के प्रवृत होने की तिथि से 90 दिनों के अन्तर्गत समाहर्ता के पास आवेदन करेगा और ऐसा आवेदन प्राप्त होने पर वह इस प्रकार कार्रवाई करेगा मानो उसका उपर्युक्त उपयोग इस अधिनियम के प्रवृत होने की तिथि से ही शुरू हुआ हो । यदि ऐसा रैयत करें तो वह इस अधिनियम के प्रवृत होने की तिथि और यथा स्थिति आवेदन की तिथि का पता चलने की तिथि की अवधि के लिये उस लगान से दुनी लगान भुगतान करने का दायी होगा जो उसे समुय पर आवेदन करने पर भुगतान करना होता ।

3- विभागीय पत्र सं0 11 भू. सु. 10/21-94-247 रा0 दि0 4.6.96 द्वारा आपसे यह पृच्छा की गई थी कि कंडिका 1 एवं 2 के आलोक में पूर्व निमिति । कार्योत्तर पर अनुमति हेतु प्राप्त आवेदनं पत्रों तथा जो रैयत का अधिनियम की धारा -23 की उपधारा (4) के अन्तर्गत भूमि को उपयोग में ला रहे हो तथा आवेदन पत्र नहीं किये हो, का सर्वेक्षण अपने-अपने अधीनस्थ पदाधिकारियों कर्मचारियों से कराकर सम्पन्न कर लिया गया होगा। इसके साथ ही आपसे अनुरोध किया गया था कि इसका सर्वेक्षण आंकलन तैयार करा कर कितनी राशि आपके जिले से सरकार को प्राप्त होगा की सूचना दी जाय आशा है कि इसका सर्वेक्षण आकलन का कार्य अपने स्तर से सम्पन्न हो चुका होगा ।

4- अब बिहार लगान पुर्नाधिकरण नियमावली, 1995 (गजट प्रति संलग्न) प्रतिशत एवं तत्काल प्रभावी हो गया है, जिसके अन्तर्गत कृषि योग्य भूमि के गैर कृषि उपयोग पर लगान पुनः निर्धारण करना है । नियमावली के नियम 3(1) के अनुसार बिहार काश्तकारी अधिनियम 1885 की धारा 23 की उपधारा (4) के अन्तर्गत भूमि का उपयोग करने पर रैयत पुर्वनिर्मित के लिए विहित प्रपत्र "क" में समाहर्ता के पास आवेदन पत्र होगा यदि कोई रैयत उपरोक्त नियम 3(1) के अन्तर्गत आवेदन नहीं दिया हो और वह बिहार काश्तकारी अधिनियम के धारा-23 की उपधारा -4 के अन्तर्गत भूमि का उपयाग करते आ रहा हो तो कार्योतर अनुमति हेतु समाहर्ता के पास विहित प्रपत्र "ख" मे आवेदन देगा । उपर्युक्त कंडिका 2 में वर्णित यदि कोई रैयत बिहार काश्तकारी (संशोधन) अधिनियम, 1993 के प्रवृत होने के 90 दिनों के अन्दर आवेदन समाहर्ता को नहीं दिये हों तो समाहर्ता बिहारलगान पुनः निर्धारण नियमावली 1995 के विहित प्रपत्र "घ" में निर्बंधित डाक अथवा विशेषदूत से संबंधित रैयत से कारण पृच्छा का नोटिस देगा एव नियमानुसार आवश्यक सुनवाई के पश्चात लगान पुनः निर्धारित करेगा ।

5- कृषि भूमि के गैर कृषि प्रयोग की दशा में समाहर्त्ता युक्ति युक्त (Reasonable) आधार पर लगान पुन निर्धारण करेंगे जो भूमि के बाजार मूल्य का 3 (तीन) प्रतिशत से कम नहीं हो ।

6- राज्य की गम्भीर वितीय स्थिति को देखते हुए यह आवश्यक हो गया है कि अतिरिक्त संसाधनों का पता लगाकर योजनवद्ध तरीके से उगाही के लिए कारगर कदम उठाये जाये ।

7- अत: अनरोध है कि उपरोक्तानुसार कृषि योग्य भूमि के गैर कृषि प्रयोजनों में प्रयोग की दशा में लगान पुन: निर्धारण करते हुए वित्तीय वर्ष 1996-97 की मांग निर्धारित कर उसके वसूली हेतु कारगर कदम अपने स्तर से उठाने की कृपा की जाय । साथ ही इससे प्राप्त होनेवाले आय से संबंधित मासिक प्रतिवेदन निम्न प्रपंत्र में प्रत्येक माह की10वीं तिथि तक सरकार को भेजने की व्यवस्था की जाय एवं संबंधित प्रमण्डलीय आयुक्त एवं उप-निदेशक भू-लगान मानकीकरण को भीप्रत्येक माह प्रतिवेदन भेजने की कृपा की जाय :- कृषि योग्य भूमि के कृषि प्रयोग पर लगान पुन: निर्धारण से प्राप्त आय का प्रतिवेदन ..... वर्ष .....

मांग			वसूली			अवशेष		
बकाया	हाल	कुल	बकाया	हाल	कुल	बकाया	हाल	कुल
1	2	3	4	5	6	7	8	9

8- उपर्युक्त लगान पुन: निर्धारण के फलस्वरुप लगान एवं सेस से प्राप्त राशि नियमानुसार बजट शीर्ष 0029 भू-राजस्व से प्राप्तियां शीर्षक मे जमा की जायेगी । उससे होनेवाली वसूली के लिए रसीद वही को अलग जिल्दें प्रयोग की जायेगी । जिसपर व्यवसायिक लगान अंकित हो ।

9- पत्र की प्रतिलिपि संलग्न गजट प्रतियां के साथ अपने स्तर अनुमंडल पदाधिकारी भूमि सुधार उप-समाहर्ता एवं अंचलाधिकारी को देने की कृपा की जाय ।

10- कृपया से अत्यावश्यक समझा जाय ।

विश्वासभाजन

(एस० एन० पी० एन० सिन्हा)
आयुक्त एवं सचिव ।

ज्ञापांक - 1298 रा० पटना, दिनांक 17.12.96

प्रतिलिपि सभी प्रमण्डलीय आयुक्त । उप-निदेशक, भू-लगान मानकीकरण, पटना । मुजफ्फरपुर/भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्वाई हेतु प्रेषित ।

(एस० एन० पी० एन० सिन्हा)
आयुक्त एवं सचिव ।

ज्ञापांक - 1298 रा० पटना, दिनांक 17.12.96

प्रतिलिपि सभी अपर समाहर्ता/सभी अपर उपायुक्त के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(एस० एन० पी० एन० सिन्हा)
आयुक्त एवं सचिव ।

पत्र संख्या :- 1/ ल० - 3 - नीति - 11 / 98 837 /रा०,

बिहार सरकार,

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ।

प्रेषक,

श्री डी० पी० महेश्वरी,
आयुक्त एवं सचिव ।

सेवा में,

सभी समाहर्ता ।
संथाल परगना, उत्तरी छोटानागपुर एवं दक्षिणी छोटानागपुर के प्रमंडलों के उपायुक्तों को छोड़कर

पटना, दिनांक 3.11.98

विषय :- **बिहार काश्तकारी अधिनियम 1885 की उपधारा - 4 के अंतर्गत प्रावधानों के आलोक में कृषि योग्य भूमि के गैर कृषि प्रयोजनों में उपयोग किये जाने पर लगान पुनर्निधारण के संबंध में ।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक विभागीय पत्रांक 1298 रा० दिनांक 17.12.96 के प्रसंग में मुझे कहना है कि सरकार के समक्ष कुछ ऐसे दृष्टात आए हैं, ऐसा प्रतीत होता है कि भूमि के बाजा रमूल्य के निर्धारण एवं जिस भूमि काव्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है उस भूमि के सामायिक लगान के निर्धारण में एकरूपता नहीं बरती जा रही है । फलस्वरुप कई विवाद उत्पन्न हो गए हैं । इस बिन्दु पर पूर्ण समीक्षोपरान्त राज्य सरकार न निर्णय किया है कि-

(1) भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1889 अधिनियम - 1 1899 के अंतर्गत बिहार स्टाम्प लिखित का न्यून मूल्यांकननिवारण नियमावली 1995 में निहित प्रावधानों के अंतर्गत निर्धारित बाजार मूल्य को ध्यान में रखकर व्यवसायिक लगान की गणना की जाय ।

(2) बिहार लगानपुनर्निधारण नियमावली 1995 के क्रमांक में यह प्रावधान किया गया है कि व्यवसायिक कार्य हेतु उपयोग किए जारनेवाली भीम कालगान युक्तिसंगत Reasonable आधार पर किया जाए । इस बिन्दु के आलोक में व्यवसाय की प्रकृति एवं आकार को ध्यान में रखते हुए आजार मूल्य काकम से कम 3 प्रतिशत अधिक से अधिक 5 पतिशत व्यवसायिक लगान निर्धारित किया जाए ।

(3) व्यवसायिक लगान की गणना उतनी ही भूमि पैर की जाए जिनी भूमि वास्तविक रूप व्यवसाय एवं व्यवसाय से संबंधित कार्य में प्रयोग में लाई जारही है ।

(4) तत्संबंधी आवश्यक निदेश अपने स्तर से भी सभी अपर समाहर्त्ता/अनुमंडल पदाधिकारी/भूमि सुधार उप समाहर्त्ता/अंचलाधिकारी को किया जाए ।

विश्वासभाजन

(डी० पी० महेश्वरी)
आयुक्त एवं सचिव ।

ज्ञापांक - 837 रा०, पटना दिनाक 3.11.98

प्रतिलिपि सभी प्रमंडलीय आयुक्त संथालपरगना एवं छोटानागपुर प्रमंडल को छोड़कर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(डी० पी० महेश्वरी)
आयुक्त एवं सचिव ।

पत्र संख्या :- 15 / ल० - 3 - नीति - 14/98 159 रा०,

बिहार सरकार,

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ।

प्रेषक,

श्री वैद्यनाथ प्रसाद
सरकार के अपर सचिव ।

सेवा में,

समाहर्ता, पटना ।

पटना, दिनांक 16.2.99

विषय :- बिहार कास्तकारी अधिनियम 1885 की धारा 23 को उपधारा के प्रावधानों के आलोक में कृषि योग्य भूमि के गैर कृषिप्रयोजनों में उपयोग किए जाने पर लगान पुनर्निधारण के सम्बन्ध में ।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक विभागीय पत्र संख्या - 1298 दिनांक 17.12.96 के प्रसंग में कहना है कि बिहार कास्तकारी (संशोधन) अधिनियम 1993 द्वारा 1865 के अधिनियम की धारा 23 में उपधारा (4) जोड़कर यह प्रावधान किया गया है कि व्यवसायिक लगान ऐसे मामलों में निर्धारित दर पर लिया जाए, जिन मामलों में भूमि का उपयोग व्यवसायिक कार्य के लिए कियाजा रहा है ।

2- उक्त संशोधन को वैद्यता को माननीय उच्च न्यायालय में कई याचिकाएँ दायर कर चुनौतीदी गई है । समादेश याचिका संख्या - 5411/95 में माननीय उच्च न्यायालय ने दिनांक 25.8.95 को निम्न आदेश पारित किया है :-

"so far as the stay is concerned any retrospectivge demand at the revised rate is stayed.So far as current demands are concerned, from 11.5.94, the petitioner shall pay the 25% of the enhanced amount. "

3- माननीय उच्च न्यायालय के उक्त आदेश एवं विधि विभाग के परामर्श के आलोक में राज्य सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि:-

(i) माननीय उच्च न्यायालय के उक्त फैसले का लाभ सिर्फ उपर्युक्त याचिका के याचिकाकर्त्ता को हीं प्राप्त होगा ।

(ii) किन्तु संशोधित अधिनियम के अनुसार संप्रति लगान एवं सेस दिनांक 11.5.94 से ही आकलित एवं वसूलनीय होगा ।

विश्वासभाजन

(वैद्यनाथ प्रसाद)
सरकार के अपर सचिव ।

ज्ञापांक - 15/ल०-3-नीति-14/98 159 रा०, पटना - 15, दिनांक 16.2.99

प्रतिलिपि, सभी समाहर्ता को सुचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(वैद्यनाथ प्रसाद)
सरकार के अपर सचिव ।

पत्र संख्या :- 15-ल-2 नीति 11/95 भाग - 1298 रा०

बिहार सरकार,

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ।

प्रेषक,

श्री एस० एन० पी० एन० सिन्हा,

आयुक्त एवं सचिव ।

सेवा में,

सभी समाहर्त्ता

सभी उपायुक्त

पटना 15 दिनांक 17.12.96

विषय :- बिहार काश्तकारी अधिनियम, 1885 की उपधारा (4) के अन्तर्गत प्रावधानों के आलोक में कृषि भूमि के गैर कृषि प्रयोजनों में लाने पर लगान का पुनः निर्धारण करने के संबंध में ।

महोदय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक विभागीय पत्र सं0 11 भू0 सु0 -10-21/94-363 रा0 दिनांक 11.5.94 एवं अनुवर्ती प0 सं0 11 भू0 सु0 -10-21/94-247 रा0 दिनांक 4.6.96 की ओर आपका ध्यानाकृष्ट करते हुए कहना है कि बिहार काश्तकारी (संशोधन) अधिनियम 1993 (गजट प्रति संलग्न) की प्रकाशित कर बिहार काश्तकारी अधिनियम, 1885 की धारा 23 मे उप-धारा (4) जोड़कर यह प्रावधान किया गया है कि कोई रैयत समाहर्ता की पूर्व निर्मित से अपनी भूमि का उपयोग वैसे प्रयोजनों के लिये कर सकेगा जो उक्त उपधिनियम की धारा (2) में प्रगणित नहीं होते हों । बिहार काश्तकारी (संशोधित) अधिनियम, 1993 में ऐसे भूमि के लगान पुनः निधारण करने हेतु समाहर्ता को अधिकृत करते हुए बाजार मूल्य का 5 (पाँच) प्रतिशत तक लगान निर्धारण का अधिकार दिया गया है ।

2- विभागीय पत्रसं0 11 भू0 सु0 - 10-21/94-363 रा0 दि0 11.5.94 की कंडिका 2 में कहा गया था कि यदि कोई रैयत उक्त अधि नियम के प्रवृत होने के पूर्व से ही उप-धारा (2) में प्रगणित प्रयोजनों से भिन्न प्रयोजनों में अपनी भूमि का उपयोग कर रहा हो तो वह अनुमति के लिए इस अबोध नियम के प्रवृत होने की तिथि से 90 दिनों के अन्तर्गत समाहर्ता के पास आवेदन करेगा और ऐसा आवेदन प्राप्त होने पर वह इस प्रकार कार्रवाई करेगा मानो उसका उपर्युक्त उपयाग इस अधिनियम के प्रवृत होने की तिथि से ही शुरू हुआ हो । यदि ऐसा रैयत करें तो वह इस अधिनियम के प्रवृत होने की तिथि और यथा स्थिति आवेदन की तिथि का पता चलने की तिथि की अवधि के लिये उस लगान से दुनी लगान भुगतान करने का दयारी होगा जो उसे समय पर आवेदन करने पर भुगतान करना होता ।

3- विभागीय पत्र सं0 11 भू0 सु0 10/21-94-247 रा0 दि0 4.6.96 द्वारा आपसे यह पृच्छा की गई थी कि कंडिका 1 एवं 2 के आलोक में पूर्व निमिति । कार्योत्तर पर अनुमति हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों तथा जो रैयत का अधिनियम की धारा -23 की उपधारा (4) के अन्तर्गत भूमि को उपयोग में ला रहे हो तथाआवेदन पत्र नहीं किये हो, का सर्वेक्षण अपने-अपने अधीनस्थ पदाधिकारियों कर्मचारियों से कराकर सम्पन्न कर लिया गया होगा। इसके साथ ही आपसे अनुरोध किया गया था कि इसका सर्वेक्षण आंकलन तैयार करा कर कितनी राशि आपके जिले से सरकार को प्राप्त होगा कीसूचना दी जाय आशा है कि इसका सर्वेक्षण आकलन का कार्य अपने स्तर से सम्पन्न हो चुका होगा । .

4- अब बिहार लगान पुर्नाधिकरण नियमावली, 1995 (गजट प्रति संलग्न) प्रतिशत एवं तत्काल प्रभावी हो गया है, जिसके अन्तर्गत कृषि योग्य भूमि के गैर कृषि उपयाग पर लगान पुनः निर्धारण करना है । नियमावली के नियम 3(1) के अनुसार बिहार क्रांतिकारी अधिनियम 1885 की धारा 23 की उपधारा (4) के अन्तर्गत भूमि का उपयोग करने पर रैयत पुर्वनिर्मित के लिए विहित प्रपत्र "क" में समाहर्ता के पास आवेदन पत्र होगा यदि कोई रैयत उपरी नियम 3(1) के अन्तर्गत आवेदन नहीं दिया हो और वह बिहार क्रांतकारी अधिनियम के धारा -23 की उपधारा -4 के अन्तर्गत भूमि का उपयाग करते आ रहा हो तो कार्योतर अनुमति हेतु समाहर्ता के पास विहित प्रपत्र "ख" मे आवेदन देगा । उपर्युक्त कंडिका 2 में वर्णित यदि काई रैयत बिहार क्रांतिकारी (संशोधन) अधिनियम, 1993 के प्रवृत होने के 90 दिनों के अन्दर आवेदन समाहर्ता को नहीं दिये हों तो समाहर्ता बिहारलगान पुनः निर्धारण नियमावली 1995 के विहित प्रपत्र "घ" में निर्बंधित डाक अथवा विशेषदूत से संबंधित रैयत से कारण

पृच्छा का नोटिस देगा एवं नियमानुसार आवश्यक सुनवाई के पश्चात लगान पुनः निर्धारित करेगा ।

5- कृषि भूमि के गैर कृषि प्रयोग की दशा में समाहर्त्ता युक्ति युक्त (Reasonable) आधार पर लगान पुन निर्धारण करेंगे जो भूमि के बाजार मूल्य का 3 (तीन) प्रतिशत से कम नहीं हो ।

6- राज्य की गम्भीर वितीय स्थिति को देखते हुए यह आवश्यक हो गया है कि अतिरिक्त संसाधनों का पता लगाकर योजनवद्ध तरीके से उगाही के लिए कारगर कदम उठाये जाये ।

7- अतः अनरोध है कि उपरोक्तानुसार कृषि योग्य भूमि के गैर कृषि प्रयोजनों में प्रयोग की दशा में लगान पुनः निर्धारण करते हुए वित्तीय वर्ष 1996-97 की मांग निर्धारित कर उसके वसूली हेतु कागर कदम अपने स्तर से उठाने की कृपा की जाय । साथ ही इससे प्राप्त होनेवाले आय से संबंधित मासिक प्रतिवेदन निम्न प्रपत्र में प्रत्येक माह की10वीं तिथि तक सरकार को भेजने की व्यवस्था की जाय एवं संबंधित प्रमण्डलीय आयुक्त एवं उप-निदेशक भू-लगान मानकीकरण को भीप्रत्येक माह प्रतिवेदन भेजने की कृपा की जाय :- कृषि योग्य भूमि के कृषि प्रयोग पर लगान पुनः निर्धारण से प्राप्त आय का प्रतिवेदन ..... वर्ष .....

मांग			वसूली			अवशेष		
बकाया	हाल	कुल	बकाया	हाल	कुल	बकाया	हाल	कुल
1	2	3	4	5	6	7	8	9

8- उपर्युक्त लगान पुनः निर्धारण के फलस्वरुप लगान एवं सेस से प्राप्त राशि नियमानुसार बजट शीर्ष 0029 भू-राजस्व से प्राप्तियां शीर्षक मे जमा की जायेगी । उससे होनेवाली वसूली के लिए रसीद वही तो अलग जिन्हें प्रयोग की जायेगी । जिसपर व्यवसायिक लगान अंकित हो ।

पत्र की प्रतिलिपि संलग्न गजट प्रतियां के साथ अपने स्तर अनुमंडल पदाधिकारी भूमि सुधार उप-समाहर्ता एवं अंचलाधिकारी को देने की कृपा की जाय ।

कृपया से अत्यावश्यक समझा जाय ।

विश्वासभाजन

(एस० एन० पी० एन० सिन्हा)
आयुक्त एवं सचिव ।

ज्ञापांक - 1298 रा० पटना, दिनांक 17.12.96

प्रतिलिपि सभी प्रमण्डलीय आयुक्त । उप-निदेशक, भू-लगान मानकीकरण, पटना । मुजफ्फरपुर/भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्वाई हेतु प्रेषित ।

(एस० एन० पी० एन० सिन्हा)
आयुक्त एवं सचिव ।

ज्ञापांक - 1298 रा० पटना, दिनांक 17.12.96

प्रतिलिपि सभी अपर समाहर्ता/सभी अपर उपायुक्त के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(एस० एन० पी० एन० सिन्हा)
आयुक्त एवं सचिव ।

बिहार गजट
असाधारण अंक
बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

26 कार्तिक 1917 (श०)

(सं० पटना 446) पटना, शुक्रवार 17 नवम्बर 1995

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

अधिसूचनाएँ

14 नवम्बर 1995

जी० एस० आर० 30 दिनांक 17 नवम्बर - 1995 बिहार काश्तकारी अधिनियम, 1885 (बिहार अधिनियम 8, 1885) की धारा 23 की उप-धारा (4) एवं (5) के साथ पठित धारा 189 द्वारा प्रदत्त शक्तियो का प्रयोग करते हुए बिहार-राज्यपाल उक्त अधिनियम की धारा 23 की उप-धारा (4) एवं (5) के प्रयोजनार्थ लगान निर्धारण की प्रक्रिया विनियमित करने हेतु नियमावली बनाना चाहते हैं, जिसका निम्नलिखित प्रारूप उक्त अधिनियम की धारा 190 के अनुसार इससे प्रभावित हो सकने वाले व्यक्तियों के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है और इसके द्वारा उन्हें सूचित किया जाता है कि इसके प्रकाशन की तिथि से तीस (30) दिनों के अन्दर जो भी आपत्ति या सुझाव देना चाहते हैं अद्योहस्ताक्षरी के पास प्रस्तुत करें । उक्त अवधि समाप्त होते की तिथि को या उसके पूर्व जो भी सुझाव या आपत्ति प्राप्त होगा उस पर राज्य सरकार भली भाँति विचार करेंगी :-

नियमावली का प्रारूप

1. (1) यह नियमावली बिहार लगान पुर्ननिर्धारण नियमावली, 1995 कही जा सकेगी ।

(2) यह तत्काल प्रभावी होगा ।

2. परिभाषाएं - (क) बिहार काश्तकारी अधिनियम 1885, की धारा 23 की उप-धारा (4) में प्रयुक्त शब्द "रैयत" से अभिप्रेत उक्त अधिनियम की धारा 4(2) में परिभाषित "रैयत" से है ।

(ख) बिहार काश्तकारी अधिनियम, 1885 की धारा 23 की उप-धारा (4) एवं 5 (क) (i) के अन्तर्गत शब्द "समाहर्त्ता" से अभिप्रेत उक्त अधिनियम की धारा 3 की उप-धारा (16) में परिभाषित अधिकारी से है ।

(ग) बिहार काश्तकारी अधिनियम, 1885 की धारा 23 की उप-धारा (5) (क) (i) के अन्तर्गत शब्द 'समाहर्त्ता से भिन्न किसी पदाधिकारी" का तात्पर्य संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी का भूमि सुधार उप-समाहर्ता है ।

(घ) बिहार काश्तकारी अधिनियम, 1885 की धारा 23 की उप-धारा (5) (क) (ii) के अन्तर्गत शब्द "विहित प्राधिकार" का तात्पर्य संबंधित अप्रमंडलीय आयुक्त से है ।

(ङ) जो शब्द विशेष रूप से इस नियमावली में परिभाषित नहीं किये गये हैं उनका वही अर्थ होगा जो मूल अधिनियम में उनकी परिभाषा या अर्थ नहीं दिया गया है ।

(च) प्रपत्र से अभिप्रेत है इस नियमावली से उपाबद्ध प्रपत्र ।

3. समाहर्त्ता के पास आवेदन-पत्र दिया जाना - (1) बिहार काश्तकारी अधिनियम, 1885 की धारा 23 की उप-धारा (4) के अन्तर्गत भूमि का उपयोग करने का इच्छुक रैयत पूर्वानमति के लिये प्रपत्र "क" में समाहर्त्ता के पास आवेदन - पत्र देगा ।

उदाहरण - भूमि पर आटा चक्की, आयल एस्पेलर बैठाना, दुकान या अन्य व्यवसाय करना, मिल कारखाना बैठाना आदि ।

(2) यदि किसी रैयत ने उपरोक्त नियम 3(1) के अन्तर्गत आवेदन नहीं दिया है और वह उक्त अधिनेयम की धारा 23 की उप-धारा 4 के अन्तर्गत भूमि का उपयोग करते आ रहा है, तो कार्योत्तर अनुमति क लिये समाहर्त्ता के पास प्रपत्र "ख" में आवेदन-पत्र देगा ।

(3) यदि कोई रैयत बिहार काश्तकारी अधिनियम, 1885 की धारा 23 की उप-धारा (4) के तृतीय परन्तुक के अन्तर्गत भूमि का उपयोग

कर रहा है तो प्रपत्र "ग" में समाहर्ता के पास आवेदन-पत्र देगा ।

4. भूमि का बाजार मूल्य का निर्धारण - (1) इस नियमावली क नियम 3 के उप-नियम (1) (2) (3) के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्राप्त होने परसमाहर्ता भूमि के उपयोग (बिहार काश्तकारी अधिनियम, 1885 की धारा 23 की उप-धारा (4) यानि वैसे प्रयोजनों के लिये करने पर जो धारा 23 की उप-धारा (2) में प्रमाणित न हो) की तिथि से पहले का संबंधित भूमि के अंश या समतुल्य निकटवर्ती आस-पास की भूमि के निकटतम तिथि से विक्रय मूल्य के आधार पर संबंधित भूमि का बाजार मूल्य निर्धारित करेगा ।

(2) यदि उप-नियम (1) के अन्तर्गत भूमि का बाजार मूल्य निर्धारण का आधार उपलब्ध नहीं हो, तो आस-पास के गांव टोला, मुहल्ला पंचायत के समतुल्य भूमि के विक्रय मूल्य के आधार पर भी समाहर्त्ता संबंधित भूमि का बाजार मूल्य निर्धारित करेगा :

परन्तु यह कि यदि ऐसा विक्रय मूल्य भूमि के उपयोग से ठीक पहले प्रथम वर्ष में उपलब्ध नहीं होता दूसरे अथवा तीसरे वर्ष में भी उपलब्ध होने पर उसे आधार मानकर संबंधित भूमि का बाजार मूल्य का निर्धारण किया जा सकेगा ।

5. भूमि का लगान का पुन: निर्धारण की रीति :- (1) भूमि का लगान का पुन: निर्धारण करते समय समाहर्त्ता इस बात का ध्यान रखेगा कि लगान का पुन: निर्धारण युक्ति-युक्त (Reasonable) आधार पर ही परन्तु यह कि किसी भी हालत में सामान्य तौर पर भूमि के बाजार के मूल्य का तीन प्रतिशत से कम न होगा ।

6. पूवानूमति :- यदि कोई रैयत इस नियमावली के नियम 3(1) में अंकित प्रयोजनों के लिये भूमि का उपयोग बिहार काश्त-कारी अधि नियम की धारा 23 की उप-धारा (4) के प्रवृत्त होने की तिथि से पूर्व से ही करते चला आ रहा है तथा उक्त धारा के तृतीय परन्तुक के अन्तर्गत समय पर समाहर्त्ता के पास आवेदन दे दिया है तो समाहर्त्ता उक्त अधिनियम की धारा 23 की उप-धारा (4) के तृतीय परन्तुक के अन्तर्गत उस पर कारवाई करेगा ।

(4) प्रमंडलीय आयुक्त - 1,00000/- रु0 (एक लाख रु0) तक
(5) 1,00000/- (एक लाख) रुपसे से अधिक के सैरातों की बन्दोबस्ती की स्वीकृति सरकार द्वारा की जाएगी ।

2- उपर्युक्त प्रक्रिया के अनुसार कृपया सैरातों की बन्दोबस्ती की जाय ।

3- यह आदेश तत्कालिक प्रभाव से लागू होगा ।

विश्वासभाजन

(संत शरण)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक 601/ रा0, पटना-15, दिनांक 17.8.98

प्रतिलिपि सभी प्रमंडलीय आयुक्त/अपर समाहर्त्ताओं/ अनुमंडल पदाधिकारी/भू सुधार उप समाहर्त्ता एवं सभी अंचलाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(संत शरण)
सरकार के उप सचिव

पत्र संख्या :- 14/सै० -7-0-11/97-612 - रा०

बिहार सरकार,

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ।

प्रेषक,

श्री सुरेन्द्र प्रसाद

सरकार के उप सचिव ।

सेवा में,

सभी प्रमंडलीय आयुक्त ।

सभी समाहर्त्ता/उपायुक्त

पटना, दिनांक 18.9.97

विषय :- सभी प्रकार के सैरातो (यथा जलकर, फलकर, हाट बाजार, मेला, घाट एवं बस स्टैण्ड आदि के सुरक्षित जमा निर्धारण हेतु सरकारी परिपत्र के अनुपालन के संबंध में ।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध मे कहना है कि प्राय: ऐसा देखा जा रहा है कि विभिन्न जिलों से प्राप्त बन्दोबस्ती प्रस्ताव में सुरक्षित जमाका निर्धारण सरकारी परिपत्र के आलोक में नहीं कर भिन्न भिन्न प्रकारसे किया जा रहा है जिससे बन्दोबस्ती की स्वीकृति देने में सरकार को काफी कठिनाई हो रही है । साथ ही इससे सरकारी राजस्व की क्षति भी होती है । राजस्व विभागीय परिपत्र सं0 2 रा0 दिनांक 8.1.82 में सरकारकास्पष्ट निदेश है कि सुरक्षित जमा तीन वर्षों पर निर्धारित की जायेगी जिसमें विगत वर्ष की सुरक्षित जमा राशि/बदोबस्ती राशि जो भी अधिक हो उसमें 15 प्रतिशत को वृद्धि कर की जायेगी ।

अत: इस संबंध में पूर्व के परिपत्र सं0 2 रा0 दिनांक 8.1.82 की प्रतिलिपि पुन: संलग्न करते हुए अनुरोध है कि सभीप्रकार के सैरातों कीसुरक्षित जमा के निर्धारण में उक्त परिपत्र में उल्लिखित प्रावधानों काअनुपालन सख्ती से किया जाय ।

अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ पदाधिकारियों को भी तदनुसार संसूचित करने का कष्ट किया जाय ।

विश्वासभाजन

(सुरेन्द्र प्रसाद)

सरकार के उप सचिव ।

पत्र संख्या :- 14/सै० -1-0-11/94-301 - रा०

बिहार सरकार,

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ।

प्रेषक,

श्री एस0 एन0 पी0 एन० सिन्हा
आयुक्त एवं सचिव

सेवा में,

सभी समाहर्त्ता/उपायुक्त

पटना, दिनांक 28.6.95

विषय :- सैरात बन्दोबस्ती संबंधी प्रस्तावों को सरकार की स्वीकृति हेतु समय पर भेजने के संबंध में ।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक राजस्व विभागीय परिपत्रसंख्या 2583 भू0 सु0 दिनाक 21 नवम्बर 1974 तथा परिपत्रसंख्या 486 रा0 दिनांक 15.2.78 (प्रतिलिपि संलग्न) के द्वारा सरकारी निदेश संसुचित किया गया था कि "सैरात बन्दोबस्त के वैसे प्रस्ताव, जिनकी बन्दोबस्ती प्रमंडलीय आयुक्त के माध्यम से सरकार की स्वीकृति से होनी है बन्दोबस्ती अवधि के शुरु होने के दो माह पूर्व निश्चित रूप से पहूंच जाए" उक्त परिपत्र में यह भी कहा गया था, कि "किसी संबंधित पदाधिकारी के स्तर पर ऐसे प्रस्तावों को अग्रसारित करने मे विलम्ब हो तो उसका स्पष्टीकरण प्राप्त कर उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जाए ।" इन सब अनुदेशों के वावजूद पाया जा रहा है कि सैरात बंदोबस्ती के प्रस्तावों को भेजने में अप्रत्याशित विलम्ब हो रहा है । कुछ प्रस्ताव बन्दोबस्ती अवधि के समाप्त होने पर तथा कुछ प्रस्ताव बन्दोबस्ती अवधि के काफी समय बीत जाने के बाद प्राप्त होते हैं । ऐसी हालत में इन सब प्रस्तावों पर सरकार के समक्ष दूसरा कोई विकल्प नहीं रह जाता है कि स्थानीय पदाधिकारियों द्वारा की गई व्यवस्था को मान लें । साथ ही निबंधन शुल्क एवं स्टाम्प शुल्क की वसूली भी संबंधित बन्दोबस्तदार से नहीं हो पाती जिससे सरकारी राजस्व की क्षति होती है वही दूसरी ओर अनावश्यक पत्राचार के साथ - साथ गैर जिम्मेदार पदाधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाती है ।

सरकारी चाहती है कि सैरात बन्दोबस्ती के वैसे प्रस्ताव जिसकी बन्दोबस्ती प्रमंडलीय आयुक्त के माध्यम से सरकार की स्वीकृति से होनी है, बन्दोबस्ती अवधि के शुरु होने के दो माह पूर्व सरकार को भेजना कृपया सुनिश्चित किया जाय तथा किसी प्रकार का विलम्ब न हो । विलम्ब होने पर दोषी पदाधिकारी पर शीघ्र कारवाई की जाय ।

अत: अनुरोध है कि इस ओर विशेष ध्यान दें और अपने अधीनस्थ सभी संबंधित पदाधिकारियों को निदेश दें कि वे बन्दोबस्ती प्रस्ताव आपको यथा समय अग्रसारित करें ताकि आप समय पर प्रमंडलीय आयुक्त को भेज सकें ।

कृपया पत्र की प्राप्ति स्वीकार करें ।

विश्वासभाजन

(एस0 एन0 पी0 एन0 सिन्हा)
आयुक्त एवं सचिव ।

ज्ञापांक 301 रा0, पटना, दिनांक 28..6.95

प्रतिलिपि प्रमंडलीय आयुक्त पटना प्रमंडल पटना/मगध प्रमंडल, गया/उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग/दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, रांची/पलामू प्रमंडल, पलामू/संथालपरगना प्रमंडल, दुमका/मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर/भागलपुर प्रमंडल भागलपुर/पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया/कोशी प्रमंडल, सहरसा/ दरभंगा प्रमंडल दरभंगा/तिरहुत प्रमंडल मुजफ्फरपुर/सारण प्रमंडल सारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित ।

अनुरोध है कि सैरात बन्दोवस्ती का प्रस्ताव सरकार की स्वीकृति हेतु दो माह पूर्व भेजना कृपया सुनिश्चित किया जाय ।

(एस0 एन0 पी0 एन0 सिन्हा)
आयुक्त एवं सचिव ।

पत्र संख्या :- 14/सै० -9-0-(अंके) 8/92-567 - रा०

बिहार सरकार,

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ।

प्रेषक,

श्री एस0 एन0 चौधरी
उप सचिव ।

सेवा में,

सभी समाहर्त्ता/उपायुक्त

पटना - 15, दिनांक 9.7.1992

विषय :- सैरात बन्दोबस्ती से संबंधित एकरारनामें का निबंधन ।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक राजस्व एवं भूमि सुधार विभागीय परिपत्र संख्या 1613 भू0 सु0 दिनाक 22.1.71 के क्रम में परिपत्र संख्या 2133, दिनांक 4.11.86 तथा 766, दिनांक 26.6.91 की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए कहना है कि उपर्युक्त परिपत्रों द्वारा यह स्पष्ट निदेश दिया गया है कि भारतीय निबंधन अधिनियम के उपाबंधों के अनुसार सैरात बंदोबस्ती से संबंधित एकरारनामे के 100/- (एक सौ रुपये) से अधिक के विलेखों कासंपादन (निबंधन) निश्चित रूप से कराया जाय तथा निबंधन हेतु देय स्टाम्प शुल्क एवं निबंधन शुल्क बन्दोबस्तदार से अग्रिम जमाकरा लिया जाय ।

2- सैरात बन्दोबस्ती हेतु एकरारनामा के निबंधित कराने पर लगने वाले स्टाम्प शुल्क तथा निबंधन शुल्क की राशि डाक समाप्तिके तुरत बाद नियमानुसार बंदोबस्ती से संबंधित राशि जमा कराने के साथ ही प्रस्तावित बन्दोबस्तदार (उच्चतम डाकबक्ता) से नगद रूप में नाजीर रसीद के द्वारा जमा करा लिया जाय । स्टाम्प शुल्क तथा एकरारनामा शुल्क की जमा राशिको रेभन्यू डिपोजिट में रखा जाय । सैरात बन्दोबस्ती की स्वीकृति के पश्चात एकरारनामा का निबंधन करा कर ही विहित परवाना निर्गत किया जाय । यदि किसी कारणवश प्रमण्डलीय आयुक्त/राज्य सरकार के द्वारा किसी बन्दोबस्ती प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं दी जाती है, तब निबंधन शुल्क कीयह राशि प्रस्तावित बन्दोबस्तदार को वापस कर दी जायेगी ।

3- कृपया तदनुसार कार्रवाई सख्ती से करने हेतु अपने अधीनस्थ राजस्व पदाधिकारियों को अनुदेश दिया जाय। सैरात का विलेख निबंधन नही कराने में स्टाम्प शुल्क एवं निबंधन शुल्क की क्षति होने पर इसकी जिम्मेवारी संबंधित राजस्व पदाधिकारी की होगी ।

विश्वासभाजन

(एस0 एन0 चौधरी)
उप सचिव ।

ज्ञापांक 567 रा0, पटना, दिनांक 9.7.92

प्रतिलिपि सभी प्रमंडलीय आयुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित

(एस0 एन0 चौधरी)
उप सचिव ।

ज्ञापांक 567 रा0, पटना, दिनांक 9.7.92

प्रतिलिपि सभीअपर समाहर्त्ता/अपर उपायुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(एस0 एन0 चौधरी)
उप सचिव ।

ज्ञापांक 567 रा0, पटना, दिनांक 9.7.92

प्रतिलिपि उप सचिव, प्रभारी लोक लेखा समिति, बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना को पूर्व में प्रेषित राजस्व विभागीय पत्रांक-2142 दिनांक 4.11.86 पत्रांक-2277, दिनांक 28.11.86 तथा 11 , दिनांक 10.1.92 के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित ।

(एस0 एन0 चौधरी)
उप सचिव ।

पत्र संख्या :- 14/सै० -2-0-16/91- 958 - रा०

बिहार सरकार,

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ।

प्रेषक,

श्री भास्कर बैनर्जी
भूमि सुधार आयुक्त-सह-सचिव ।

सेवा में,

सभी समाहर्त्ता/उपायुक्त

पटना - 15, दिनांक 25/27.7.91

विषय :- राजस्व विभाग के अधीन के हाट-बाजारएवं मेला के विभिन्न सामग्रियों के लिये टौल (टैक्स) का दर निर्धारण एवं उसकी सूची का प्रकाशन के संबंध में ।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में मुझे कहना है कि राजस्व विभागीय परिपत्र सं0 - 4683 दिनांक 8.6.57 तथा 8884 दिनांक 21/27.11.59 में विस्तृत निदेश है जिनके अनुसार टौल (टैक्स) का दर निर्धारण जिला समाहर्ता को ही करना है । परन्तु सरकार को ऐसी सूचना मिली है कि क्षेत्रीय स्तर पर इसकी जानकारी नहीं रहने से उक्त निदेशों का अनुपालन दृढ़ता पूर्वक नहीं हो रहा है जिससे कठिनाई है ।

अत: राजस्व विभागीय उपरोक्त परिपत्रों की प्रतिलिपियाँ संलग्न करते हुये आपसे अनुरोध है कि उसमें निहित सरकारी निदेशों के आलोक में आप राजस्व विभाग के अधीन के हाट, बाजार एव मेला (छोटानागपुर एवं संथाल परगना के ग्रामीण क्षेत्रों में अवस्थित को छोड़कर) के विभिन्न सामग्रियों के लिये टौल (टैक्स) का दर निर्धारण एवं उसकी सूची का प्रकाशन का कार्य सुनिश्चित करें ।

कृपया पत्र की प्राप्ति स्वीकार करें ।

विश्वासभाजन

(भास्कर बैनर्जी)
भूमि सुधार आयुक्त-सह-सचिव ।

ज्ञापांक 958 रा0, पटना, दिनांक 27.7.91

प्रतिलिपि सभी प्रमंडलीय आयुक्त प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य कृषि विपणन पर्षद, पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।

(भास्कर बैनर्जी)
भूमि सुधार आयुक्त-सह-सचिव ।

Copy of letter no. E/XIX-2-6-98/59-8884 L.R. dated Patna, the 21st/27th November, 1959 from the Deputy Secretary to Government of Bihar, Revenue Department to all Collectors.

Subject : Fixation of tolls before auctioning a Hat, Bazar and Mela for purpose of settlement.

I am directed to say that it has been brought to the notice of Government that some times rates of tolls to be levied in a Hat, Bazar or Mela are not announced before an auction is held for settling the same.

As this is likely to cause difficulty to the lessee and also to the people who expose their goods for sale in the Hat, Bazar or Mela I am to say that Government desire that the rate of tolls, which may be prescribed by the Collector, should invariably be announced before Hat, Bazar, Mela is put to auction.

Memo No. E/XIX-2-6-98/59-8884 L.R. dated Patna the 21st / 27th Nov. 1959 by the Deputy Secretary to Government of Bihar, Revenue Department, to all commissioner of Divisions/All Subdivisional Officers and all land reforms Deputy collectors for information.

पत्र संख्या :- 14/सै० -7-0-133/97 555 - रा०

बिहार सरकार,

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ।

प्रेषक,

श्री डी० पी० महेश्वरी,
आयुक्त एवं सचिव ।

सेवा में,

सभी समाहर्त्ता/उपायुक्त

पटना - 15, दिनांक 21.7.98

विषय :- सैरात बंदोबस्ती संबंधी प्रस्तावों को सरकार को स्वीकृति हेतु समय पर भेजने के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक विभागीय परिपत्र संख्या - 301/रा० दिनांक 28.6.95 तथा परिपत्र संख्या- 273/रा० दिनांक 12.3.96 का कृपया स्मरण किया जाय । उक्त पत्रों द्वारा आपसे अनुरोध किया गया था कि सैरात बंदोबस्ती के वैसे प्रस्ताव, जिनकी बंदोबस्ती प्रमण्डलीय आयुक्त के माध्यम से सरकार की स्वीकृति से होनी है बंदोबस्ती अवधि के आरम्भ होने के दो माह पूर्व निश्चित रुप से पहुंच जाए" । उक्त परिपत्र में यह भी कहा गया था कि "किसी संबंधित पदाधिकारी के स्तर पर ऐसे प्रस्तावों को अग्रसारित करने में विलम्ब हो तो उनका स्पष्टीकरण प्राप्त कर उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जाय ।" इसके बावजूद ऐसा पाया जा रहा है कि सैरात बंदोबस्तीके प्रस्तावों को भेजने में अप्रत्याशित विलम्ब हो रहा है। ऐसी स्थिति में सरकार के समक्ष दूसरा कोई विकल्प नहीं रह जाता है कि स्थानीय पदाधिकारियों द्वारा की गयी व्यवस्था को मान लिया जाय । सरकार चाहती है कि सैरात बंदोबस्ती के वैसे प्रस्ताव जिसका बंदोबस्ती प्रमण्डलीय आयुक्त के माध्यम से सरकारकी स्वीकृति से होनी है, बंदोबस्ती अवधि के शुरु होने के दो माह पूर्व सरकार को भेजना सुनिश्चित किया जाय तथा इसमें किसी प्रकार का विलम्ब न हो ।

अतः अनुरोध है कि इस ओर विशेष ध्यान देते हुए अपने अधीनस्थ सभी संबंधित पदाधिकारियों को निदेश दें कि वे बंदोबस्ती प्रस्ताव आपको समय पर अग्रसारित करें ताकि आप समय पर उसे प्रमण्डलीय आयुक्त को भेज सकें ।

कृपया पत्र की प्राप्ति स्वीकार करें ।

विश्वासभाजन

(डी० पी० महेश्वरी)
आयुक्त एवं सचिव ।

ज्ञापांक 555 रा०, पटना, दिनांक 21.7.98

प्रतिलिपि सभी प्रमंडलीय आयुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

अनुरोध है कि सैरात बंदोबस्ती का प्रस्ताव सरकार की स्वीकृति हेतु दो माह पूर्व भेजना कृपया सुनिश्चित किया जाय ।

(डी० पी० महेश्वरी)
आयुक्त एवं सचिव ।

पत्र संख्या :- 14/सै० -6-15/88 549 - रा०

बिहार सरकार,

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ।

प्रेषक,

श्री आर श्रीनिवासन
मुख्य सचिव, बिहार ।

सेवा में,

सभी प्रमंडलीय आयुक्त
सभी समाहर्त्ता/उपायुक्त

पटना - 15, दिनांक 5.4.1988 ।

विषय :- कुम्भकारों को मिट्टी के वर्तन बनाने के लिये गैर-मजरूआ जमीन से नि:शुल्क मिट्टी लेने की सुविधा ।

महाशय,

उपरोक्त विषयक बिहार सरकार उद्योग एवं सहकारिताविभाग (खनन् शाखा) का परिपत्रांक एम0 ई-20130/59-2608 /एम0 दिनांक 20 अगस्त 1959 की प्रतिलिपि संलग्न करते हुए मुझे यह कहना है कि सरकार को ऐसी सूचना मिली है कि उक्त परिपत्र का सही-सही पालन राज्य के सभी अंचलों में नहीं हो रहा है । परिणामत: कहीं-कहीं कुम्भकारो की मिट्टी के वर्तन बनाने के लिये गैर मजरूआ जमीन से नि:शुल्क मिट्टी लेने में कठिनाई हो रही है ।

2- सरकारयह स्पष्ट करना चाहती है कि जिन कुम्भकारों को पुस्तैनी रीति-रिवाज के अनुसार गैर मजरूआ परती जमीन, तालाब, पोखरा, नदी आहर, वांध आदि से वर्तन बनाने के लिए नि:शुल्क मिट्टी लेने की सुविधा प्राप्त होती रही है वह पूर्व की भांति बरकरार रखी जाय और किसी भी कुम्भकार को जो स्वयं वर्तन बनाने के लिए मिट्टी लेना चाहते हैं, उनसे किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाय । यदि कोई व्यक्ति कुम्भकारों को निर्दिष्ट स्थान से मिट्टी लेने में बाधा उत्पन्न करे तो अंचल अधिकारी उसका निराकरण करें ।

3- सरकारयह भी स्पष्ट करना चाहेगी कि जहां कहीं भी नदी,तालाब, आदि के जलकरों की बन्दोबस्ती में मत्स्य सहयोग समिति या व्यक्ति विशेष को बन्दोबस्ती की सुविधा दी जाती रही है वहां यह भी सुनिश्चित करना होगा कि स्थानीय अन्य वर्ग के व्यक्तियों के व्यवसाय, जैरी मखाना, सिंघाड़ा, धोबियों के घाट पर कपड़ा धोना एवं कुम्भकारों के ताल की मिट्टी लेने आदि के स्थानीय अधिकारों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े और अंचलाधिकारी अपने क्षेत्र में कृपया इसे सुनिश्चित करें ।

4- समाहर्त्ता कृपया अपने अधीनस्थ पदाधिकारियों को सरकार के इस निदेश के अनुपालन के लिये उचित निदेश देंगे और इसे सुनिश्चित करेंगे ।

विश्वासभाजन

(आर० श्रीनिवासन)
मुख्य सचिव, बिहार ।

Copy of letter No. A/ME-20130/59-2608/M, dated Patna the 20 August, 1959 from Under Secretary to Government of Industries and co-operation, (Mining Branch) to all Collectors.

Subject : Permission to take clay and sand by Kumhars for earthen-ware pottery.

I am directed to invite your attentionto the Instructions contained in Revenue Deprtments' letter No. 1577 L.R.dated the 11th/13th March, 1954 (Reproduced at page 396 of the Compendium (and also to rule 34, as amended by correction slip no. 7, dated the 23 rd November, 1954, in the Bihar Government Estates Manual, 1953, wherein it has beenlaid down that whenstones or morum required for personal use, i.e.house building and other domestic purposes but not for sale, people should have free access to the materials without let or hindrance andthat there should beno restriction on removal there-of but if these are removed for commercial purposes, royalty should becharged at the prescribed rates.

2. It has now been brought to the notice of Government that where the Kumhars (L. Potters) want to extract earth or clay from Government lands including beds of tanks, rivers and bandhs for preparing earthenware potteries and tiles either for domestic purposes or for carrying on their trade as a home industry, they are called upon to pay some royalty as result of which they are facing considerable difficulties in eking out their livelihood and in suplying also the basic needs of the village community.

3. The matter has been carefully considered by Government and they are of the view that it will cause considerable hardship to the Kumhars if they are asked to pay any royalty for the removal of the same, Government have, therefore, been pleased to decide that in furutre the Kumhars may be permitted to take earth or clay or sand without any let or hindrance from Government waste lands including beds of tanks,bendhs,andrivers without any roylity. The place fromwhich they will take earth or clay or sand for such purpose should however, be marked out by the circle officer Anchal Adhikari, who should maintain a register showing the names and other details of the potters who are given these facilities.

The concession, above willnot, however, extend to contractors, industrialists and other people if remove earth or clay or sand and other materials for commercial or industrial purposes in truck loads or by other beans of transport. They should berequire to pay royalty according to the rates to be determined ineach case by the collector subject to approval by the commissioner inaccordance with the existing market rates and local circumstances subject to the rules in the Bihar Government Estate Manual, 1953, and the Waste Land and Mineral concession Manual, 1947. These rates for commercial or industrial purposes will be subject to revision in accordance with the provision of the Bihar Minor Mineral Extraction Rules, 1957, when promulgated and enforced.

3. Receipt of this letter may kindly be acknowledged.

पत्र संख्या :- 14/सै० -2-0-17/85 113 - रा०

बिहार सरकार,

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ।

प्रेषक,

श्री बी० एन० सहाय

सरकार के संयुक्त सचिव ।

सेवा में,

सभी समाहर्त्ता/उपायुक्त

पटना - 15, दिनांक 16.1.86 ।
20

विषय :- सैरात बन्दोबस्ती से संबंधित एकारारनामा का निबंधन नहीं कराये जाने के फलस्वरूप सरकार को निबंधन शुल्क एवं स्टाम्प शुल्क की क्षति होने के संबंध में अंकेक्षण प्रतिवेदन वर्ष 1976-77 के मद संख्या 59 की कंडिका 6-5, वर्ष 1977-78 के मद संख्या -65 की कंडिका-6-3 वर्ष 1978-79 के मद संख्या 80 की कंडिका 6-10 एवं वर्ष 1979-80 के मदसंख्या 87 की कंडिका -5-2 में निहित लेखा आपत्तियों के संबंध में ।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में मुझे कहना है कि भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक के विभिन्न वर्षों, यथा विषयान्तर में के प्रतिवेदन में यह आपति उठाई गई है कि अनेक मामलों में अंचल एवं जिला स्तर पर सैरात बन्दोबस्ती से संबंधित एकारनामें का निबंधन नहीं कराया गया है जिसके फलस्वरुप सरकार को स्टाम्प शुल्क एवं निबंधन शुल्क की क्षति हुई है ।

इस संदर्भ में संबंधित जिलों से मांगा गया प्रतिवेदन अनेक स्मारों के उपरान्त मात्र दो तीन जिलों से प्राप्त हुए हैं किन्तु उनसे स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है । इनके निराकरण के संबंध में लोक लेखा समिति से वार-वार स्मार पत्र प्राप्त हो रहे हैं ।

अत: महालेखाकार कार्यालय से संबंधित वर्षों के लेखा आपतियों के संबंध में जो पत्राचार एवं विवरणियां प्राप्त हुए हैं उनकी प्रतिलिपि पुन:संलग्न करते हुए अनुरोध है कि अपने जिला से संबंधित लेखा आपतियों के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई की जाय साथ ही वैसी आपतियां जिनमें अर्न्तग्रस्त राशि की वसूली सम्भव नही हो उन्हें अपलेखित करने हेतु विवरण निम्नविहित प्रपत्र में अपनी अनुशंसा के साथ भेजने की कृपा करें ।

विहित प्रपत्र

अंचल का नाम	जलक/हाट/बाजार मेलों का नाम	जिसके साथ बन्दोबस्ती की गई थी। म0 स0 स0/ग्राम पंचायत व्यक्ति विशेष बहुधंधी सहयोग समिति	एकरारनामा कराया गया अथवा नहीं
1	2	3	4

एकरारनामा अगर कराया गया तो उसके निबंधन कार्यालय मे किया गया अथवा नहीं	अगर एकरारनामा निबंधित नहीं कराया गया हो तो एकरारनामा निबंधन के अर्न्तगत वसूलनीय निबंधन एवं स्टाम्प शुल्क की राशि	वसूल की गई राशि	जो राशि वसूल करना सम्भव नहीं है तो कारण बताते हुए उसे अपलेखित करने की अनुशंसा	अभ्युक्ति
5	6	7	8	9

विश्वासभाजन

(वी0 एन0 सहाय)
सरकार के संयुक्त सचिव ।

ज्ञाप संख्या 14/सै0 2-0-17/85 113 रा0, पटना -15, दिनांक 20.1.86

प्रतिलिपि अनुलग्नकों की प्रतिलिपि सहित, सभी प्रमण्डलीय आयुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(वी0 एन0 सहाय)
सरकार के संयुक्त सचिव ।

पत्र संख्या :- 14/सै० -2-0-8/8 272 -रा०

बिहार सरकार,

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ।

प्रेषक,

श्री भवनाथ मिश्र,

सरकार के संयुक्त सचिव ।

सेवा में,

समाहर्त्ता, उत्तरी बिहार के सभी ज़िला एवं पटना तथा मुंगेर

उपायुक्त, साहेबगंज, गोड्डा, देवघर एवं दुमका

प्रमंडलीय आयुक्त, सारण (छपरा)/तिरहूत (मुजफ्फरपुर)/दरभंगा कोशी (सहरसा)/ पटना/भागलपुर/संथाल परगना (दुमका) ।

पटना - 15, दिनांक 5.2.85

विषय :- मत्स्यपालन विकास एजेंसी के माध्यम से सरकारी जलकरों की दीर्घकालीन बन्दोबस्ती (दस वर्षों तक) के संबंध में ।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे सूचित करना है कि विभागीय परिपत्र संख्या 41 भू० सु० दिनांक 18.1.84 में निहित अनुदेशों के विरोध में बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहकारी संघ एवं विभिन्न मत्स्यजीवी सहयोग समितियों द्वारा आपत्तियाँ उठाई गई । इन आपत्तियों में उठाये गये बिन्दुओं के सभी पहलुओं पर विचारोपरान्त सरकार ने निम्नांकित निर्णय लिया है :-

(1) जिन 17 जिलों को अभिकरण ने अभी चुना है, उन जिलों में अवस्थित 4 हेक्टेयर तक के जलकरों की दीर्घकालीन बन्दोबस्ती मत्स्यपालक विकास अभिकरण द्वारा की जायेगी । परन्तु नदी, नाला के रूप में विद्यमान जलकर एवं मखाना, सिंघाड़ा मौजन, जलकर 4 हेक्टेयर से अधिक जलक्षेत्र वाले सभी जलकर अभिकरण द्वारा बन्दोवस्त नहीं किये जायेंगे । इसकी बन्दोबस्ती राजस्व विभाग द्वारा वर्तमान नियमों एवं परिपत्रों के अनुसार की जायेगी जिसमें मत्स्यजीवी सहयोग समितियों को प्राथमिकता दी जायेगी ।

(2) मत्स्यपालक विकास अभिकरण को हस्तान्तरित जलकरों में से 2½ हेक्टेयर तक के जलकरों की 10 वर्षों के लिए बन्दोबस्ती अभिकरण द्वारा इस परिपत्र की कंडिका 4 में इंगित प्राथमिकता एवं प्रक्रिया के आधार पर की जायेगी ।

(3) 2½ से 4 हेक्टेयर तक के जलकरों की बन्दोस्ती प्रशिक्षित व्यक्ति विशेष आदि के साथ नहीं कर संबंधित प्रखंड की मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के साथ की जाय, वशर्ते समिति इसके लिये सक्षम हो और अभिकरण सन्तुष्ट हो जाय कि समिति ने विश्व बैंक परियोजना में शामिल किसी भी बैंक से लेटर ऑफ इन्टेट प्राप्त कर लिया है, ताकि उन्हें संबंधित जलकरों के विकास के लिये ऋण मिल सके । सक्षमता की शर्तें वही होगी जो राजस्व विभाग के परिपत्र 41 भू० सु० दिनांक 18.1.84 की कंडिका -6 में इंगित है । यदि समिति ऐसा करने में विफल हो तो 2½ एकड़ से 4 हेक्टेयर तक के जलकरों की भी बन्दोबस्ती कंडिका - 4 में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार व्यक्ति विशेष या समूहों के साथ अभिकरण करेगा ।

(4) अभिकरण द्वारा व्यक्ति विशेष या समूह के साथ बन्दोबस्ती में निम्नांकित प्राथमिकता का अनुसरण किया जायेगा।

(क) पंचायत का मछुआ जो समिति का सदस्य हो,

(ख) पंचायत का मछुआ जो समिति के सदस्य नहीं हो, परन्तु प्रशिक्षित हो,

(ग) पंचायत का मछुआ जो प्रशिक्षित नहीं हो,

(घ) यदि किसी पंचायत में मछुओं की संख्या जलकरों की संख्या या क्षेत्र को देखते हुए कम हो तो निकटवर्ती पंचायत के मछुओं को जलकर (क, ख एवं ग) में इंगित प्राथमिकता के अनुसार बन्दोबस्ती की जाय, एवं

(च) पंचायत का अन्य व्यक्ति जिन्हें मत्स्य पालन में अभिरूची हो । मछुआ से तात्पर्य उन व्यक्तियों से है जिनका मुख्य पेशा मछली मारना है ।

(5) चुने हुए 17 जिलों के अतिरिक्त अन्य जिलों के जलकरों की बन्दोबस्ती राजस्व विभाग वर्तमान नियमों एवं तत्संबंधी परिपत्रों के अनुसार करेगा जिसमें मत्स्यजीवी सहयोग समितियों को प्राथमिकता दी जायगी ।

(6) एक व्यक्ति से अधिक व्यक्तियों के साथ 10 वर्षों के लिए अभिकरण द्वारा जलकरों की बन्दोबस्ती देने से उत्पन्न होनेवाली व्यवहारिक कठिनाईयों तथा राजस्व वसूली में उत्पन्न होने वाली कठिनाईयों के निराकरण हेतु समाहर्त्ता सह-अध्यक्ष मत्स्य पालन विकास अभिकरण संचेष्ट रहेंगे ।

(7) राजस्व विभागीय परिपत्र संख्या 41 भू0 सु0 दि0 18.1.84 में जो निदेश दिये गये हैं वह मात्र 4 हेक्टेयर तक के जलकरों जो अभिकरण द्वार बंदोबस्त की जायेगी, पर ही लागू समझा जायेगा ।

(8) राजस्व विभागीय परिपत्र संख्या 41 भू0 सु0 दिनांक 18.1.84 की कंडिका 1, 2, 4 एवं 7 में दिये गये अनुदेशों को इस हद तक संशोधित समझा जाय तथा इस परिपत्र की कंडिका 5, 6 एवं 7 को उक्त परिपत्र की कंडिका 21 के बाद जोड़ा जाय ।

विश्वासभाजन

(भवनाथ मिश्र)
सरकार के संयुक्त सचिव ।

ज्ञापांक 272 रा0, पटना - 15, दि0 5.2.85 ।

प्रतिलिपि आयुक्त-सह-सचिव, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग । आयुक्त-सह-सचिव, सहकारिता विभाग । निबन्धक सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना । निदेशक, मत्स्य बिहार पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(भवनाथ मिश्र)
सरकार के संयुक्त सचिव ।

पत्र संख्या :- 14/सै० -2-0-11/84 1068 - रा०

बिहार सरकार,

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ।

प्रेषक,

श्री राज कुमार प्रसाद सिन्हा
सरकार के उप-सचिव ।

सेवा में,

सभी समाहर्त्ता/उपायुक्त ।

पटना , दिनांक 22.8.84
25

विषय :- राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रशासनाधीन हाट, बाजार एवं पशुमेला जो बिहार कृषि उपज बाजार अधिनियम 1960 के अन्तर्गत अधिसूचित किए गए हैं एवं तदनुसार बाजार समितियों के हस्तान्तरित किये गये हैं से प्राप्त आय का 20 प्रतिशत बाजार समितियों द्वारा जमा करने के संबंध में ।

महाशय,

निर्देशानुसार उपर्युक्त विशयक विभागीय परिपत्र सं0 - 633 रा0 दि0 15/17.4.1974 एवं सं0 1478 भू0 सु0 दिनांक 25.5.76 के प्रसंग में मुझे कहना है कि राजस्व विभागीय हाट बाजार समितियों को कुछ हाट, बाजार, एवं मेला का हस्तान्तरण इस शर्त पर किया था कि बाजार समितियां हाट, बाजार एवं मेला की बन्दोबस्ती से प्राप्त आय का 20 प्रतिशत राजस्व विभाग के आय मद में जमा करेंगी । बाजार समितियां तदनुसार बन्दोबस्ती से प्राप्त आय का 20 प्रतिशत राशि राजस्व विभाग के आय मद के उपर्युक्त शीर्ष में जमा करती है या नहीं इसकी विवरणी सरकार को प्राप्त नहीं हो रही है ।

अत: अनुरोध है कि इसके संबंध में वर्षवार पूर्ण विवरणी पत्र प्राप्ति के । महीने के अन्दर सरकार को निश्चित रूप से भेजने की कृपा करें ।

विश्वासभाजन

(राज कुमार प्र0 सिन्हा)
सरकार के उप-सचिव ।

पत्र संख्या :- 14/सै० -2-0-24/84 762 - रा०

बिहार सरकार,

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ।

प्रेषक,

श्री भवनाथ मिश्र,

सरकार के संयुक्त सचिव ।

सेवा में,

समाहर्त्ता, उत्तरी बिहार के सभी जिला तथा

पटना, मुंगेर, साहेबगंज, गोड्डा, देवघर एवं दुमका

पटना - 15, दिनांक 5.7.84
9

विषय :- मत्स्यपालक विकास अभिकरण के माध्यम से सरकारी जलकरों की दीर्घ कालीन बन्दोबस्ती (दस वर्षों तक) के सम्बन्ध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक राजस्व विभागीय पत्रांक - 41 रा० दिनांक 18.1.84 के क्रम में मुझे कहना है कि पशुपालन एवं मत्स्य विभाग ने सरकार कोसूचित किया है कि राजस्व विभाग के उक्त परिपत्र में दिये गये अनुदेशों का अनुपालन स्थानीय राजस्व पदाधिकारियों द्वारा नहीं किया जा रहा है तथा अंचलाधिकारियों द्वारा अभिकरण के माध्यम से बन्दोबस्त कीजाने वाले तालाबों/पोखरों की स्थिति प्रतिवेदन (Status Report) नहीं दिया जा रहा है ।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त राजस्व विभागीय परिपत्र में दिये गये अनुदेशों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करें तथा अब तक उक्त अनुदेशों के अनुपालन की दिशा में की गई कार्रवाई से अवगत करायें । साथ ही 4 (चार) हेक्टेयर तक जल-क्षेत्र वाले तालाबों / पोखरों की स्थिति प्रतिवेदन (स्टेट्स रिपोर्ट) मत्स्य पालक विकास अभिकरण को अविलम्ब भेज देने का निदेश अपने अधीनस्थ सभी अंचलाधिकारियों को देने का कष्ट करें तथा निदेश की अवहेलना करने वाले अंचलाधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करें ।

यह भी सुनिश्चित किया जाय कि मत्स्य पालक विकास अभिकरण द्वारा उक्त विभागीय परिपत्र में दिये गये अनुदेशों के अनुसार बन्दोबस्ती की कार्रवाई की जा रही है या नहीं । यदि नहीं तो उसकी सूचना सरकार को दी जाय । साथ ही मत्स्य पालक विकास अभिकरण द्वारा तालाबों/पोखरों की मांग के सम्बन्ध में यह ध्यान रखा जाय कि केवल विकसित एवं लाभकारी तालाबों/पोखरों की मांग उनके द्वारा न की जाय । परिपत्र के अनुसार उन्हें 4 हेक्टेयर तक के जल क्षेत्र वाले सभी तालाबों/पोखरों (मखाना, नदी नाला एवं सिंघाड़ा छोड़कर) चाहे वह विकसित हो या अविकसित उन्हें लेना है । यदि वे विकसित तालाब के साथ अविकसित तालाब/पोखरा लेने को तैयार न हो तो सरकार की स्वीकृति प्राप्त करके ही बन्दोबस्ती की जाय ।

विश्वासभाजन

(भवनाथ मिश्र)
सरकार के संयुक्त सचिव ।

ज्ञापांक 762 रा०, पटना - 15, दि० 9.7.84

प्रतिलिपि प्रमण्डलीय आयुक्त, सारण (छपरा) तिरहुत (मुजफ्फरपुर) दरभंगा/ कोशी(सहरसा)/पटना । भागलपुर एवं संथालपरगना (दुमका) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(भवनाथ मिश्र)
सरकार के संयुक्त सचिव ।

ज्ञापांक 762 रा०, पटना - 15, दि० 9.7.84

प्रतिलिपि पशुपालन एवं मत्स्य विभाग/सहकारिता विभाग को सूचनार्थ प्रेषित ।

(भवनाथ मिश्र)
सरकार के संयुक्त सचिव ।

पत्र संख्या :- 14/सै० -2-0-8/83 (खण्ड) 642 - रा०

बिहार सरकार,

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ।

प्रेषक,

श्री राज कुमार प्रसाद सिन्हा
सरकार के उप-सचिव ।

सेवा में,

संयुक्त सचिव,
पशुपालन एवं मत्स्य विभाग ।

पटना , दिनांक 12.6.84

विषय :- विश्व बैंक परियोजनान्तर्गत मत्स्य पालक विकास अभिकरण के माध्यम से सरकारी जलकरों की दीर्घकालीन बन्दोबस्ती राजस्व विभाग के पत्रांक - 41 दिनांक 18.1.84 पर अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु मार्ग दर्शन अनुदेश ।

महाशय,

निर्देशानुसार उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक - 350 दिनांक - 14.2.84 के प्रसंग के मुझे कहना है कि राजस्व विभागीय परिपत्र संख्या -41 भू0 सु0 दिनांक 18.1.84 की कंडिका - 4 द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि 4 (चार) हेक्टेयर से बड़े जल क्षेत्र वाले जलकरों की बन्दोबस्ती राजस्व विभाग द्वारा पूर्व में निर्गत परिपत्रों के अनुसार मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के साथ प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी । आपके उक्त पत्र की कंडिका- 7 में यह लिखा गया है कि 4 (चार) हेक्टेयर से बड़े जलकरों की दीर्घकालीन बन्दोबस्ती स्थानीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति के साथ राजस्व विभाग के पत्रांक -41 दिनांक 18.1.84 की कंडिका - 6 एवं 17 के अनुरूप की जायेगी । यह निदेश 4 हेक्टर तक के जलकरों जिनकी दीर्घकालीन बन्दोबस्ती म0 स0 समिति के साथ की जाती है, से संबंधित है चार हेक्टर से अधिक जलक्षेत्र वाले जलकर के लिये यह परिपत्र लागू नहीं है ।

उपरोक्त वर्णित स्थिति में अनुरोध है कि अपने पत्रांक 350 दिनांक 14.2.84 में चार हेक्टर से बड़े जलकरों के संबंध में जो निदेश दिये गये उसके संबंध में एक शुद्धि पत्र अविलम्ब निर्गत करने की कृपा करें तथा इसकी एक प्रति इस विभाग को भी भेजी जाए ।

विश्वासभाजन

(राज कुमार प्र0 सिन्हा)
सरकार के उप-सचिव ।

ज्ञापांक - 14/सै0-2-0-8/83 642 रा0, पटना 15, दिनांक 12.6.84

प्रतिलिपि समाहर्त्ता, उत्तर बिहार के सभी जिला/पटना/मुंगेर/उपायुक्त, साहेबगंज/गोड्डा/देवघर एवं दुमका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(राज कुमार प्र0 सिन्हा)
सरकार के उप-सचिव ।

ज्ञापांक - 14/सै0-2-0-8/83 642 रा0, पटना 15, दिनांक 12.6.84

प्रतिलिपि आयुक्त, सारण प्रमंडल (छपरा)/तिरहुत प्रमंडल (मुजफ्फरपुर) दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा/कोशी प्रमंडल (सहरसा)/पटना प्रमंडल, पटना / भागलपुर प्रमंडल, भागलपुर एवं संथालपरगना प्रमण्डल दुमका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित ।

(राज कुमार प्र0 सिन्हा)
सरकार के उप-सचिव ।

पत्र संख्या :- 14/सै० -2-0-8/83 41 - भू० सु०
बिहार सरकार,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ।

प्रेषक,

श्री एस० के चक्रवर्ती,
सरकार के अपर सचिव ।

सेवा में,

समाहर्त्ता, उत्तर बिहार के सभी जिला एवं पटना/मुंगेर/साहेबगंज/गोड्डा/देवघर एवं दुमका ।
प्रमण्डलीय आयुक्त, सारण/छपरा/तिरहुत मुजफ्फरपुर/दरभंगा/कोशी (सहरसा)/पटना/भागलपुर एवं संथालपरगना (दुमका)

पटना - 15, दिनांक 18 जनवरी 1984 ।

विषय :- मत्स्य पालक विकास एजेंसी के माध्यम से सरकारी जलकरों की दीर्घकालीन बन्दोबस्ती (दस वर्षों तक) के संबंध में ।

प्रसंग :- पत्र संख्या - 2438/मत्स्य दिनांक 30.10.79
पत्र संख्या - 317/राजस्व, दिनांक 23.3.82
पत्र संख्या - 432/राजस्व, दिनांक 3.3.83

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार मुझे सुचित करना है कि आपको यह विदित ही है कि भारत सरकार द्वारा प्रयोजित एव विश्व बैंक की सहायता से तत्काल उत्तर बिहार के सभी जिलों तथा दक्षिण बिहारके पटना/मुंगेर/साहेबगंज/गोड्डा/देवघर एवं दुमका जिलों में में मत्स्य पालक विकास एजेंसी की स्थापना की गई है । विश्व बैंक कीसहायता से जो परियोजना लागू की जानेवाली है उसके कार्यक्रम में तीव्रता लाने हेतु राज्य सरकार के स्तर से निम्नलिखित निर्णय लिया गया है :-

1- मत्स्य पालक विकास एजेंसी के अध्यक्ष (जो समाहर्त्ता ही होते हैं) के हस्ताक्षर से सभी अंचलाधिकारी को पत्र देकर उनके अंचल के चार हेक्टेर जलक्षेत्र तक के तालाबों/पोखरों का स्थिति प्रतिवेदन (स्टेटस रिपोर्ट) देने का अनुरोध करेंगे तथा अंचलाधिकारीउसे पत्रप्राप्ति के पन्द्रह दिनों के अन्दरएजेंसी को उपलब्ध कर देंगे । इस प्रतिवेदन में वे प्रत्येक जलकर का नाम ग्राम का नाम जहां वे अवस्थित हैं, खाता एवं खेसरा नं०, कुल क्षेत्रफल (जैसा सैरात पंजी में दर्ज है) तथाजलक्षेत्र, पिछले तीन वर्षों का अलग-अलग बन्दोबस्ती की राशि किस अवधि में जलकर बन्दोबस्ती से रहित हो रहा है उसका पूर्ण विवरण भेजेंगे । इस कार्यक्रम में मखाना, जलकर एवं नदी, नाला इत्यादि बहते हुए जलकर नहीं सम्मिलित किए जाएंगे एवं ऐसे जलकरों की बन्दोबस्ती पूर्ववत राजस्व विभाग द्वारा ही की जाती रहेगी ।

2- चार हेक्टेर तक के जलक्षेत्र वाले तालाब/पोखरा की बन्दोबस्ती सीधे मत्स्यपालक विकास एजेंसी द्वारा कीजायेगी । एजेंसी का दायित्व रहेगा कि यह पट्टेदार/पटटेदारों से राजस्व विभाग द्वारा अनुमोदित प्रपत्र में एकरारनामा जिसे मत्स्य विभाग के पत्र संख्या - 1130/मत्स्य, दिनांक 7.6.83 द्वारा निर्गत किया गया है, में करायेगी तथा पट्टेदारों से समय पर तालाबों का वार्षिक जमा वसूल कर उसे प्राप्ति शीर्ष -112 मत्स्य उद्योग किराया में कोषागार में जमाकर चालान की एक प्रति संबंधित अंचलाधिकारी को भेज देगी । समाहर्त्ता एकरारनामा की कंडिका - 16 के अनुसार तालाबों के विकास के लिए बैंकों से ऋण प्राप्त करने हेतु पट्टेदारों को जलकर को बन्धक रखने की अनुमति देंगे । परिपत्र की कंडिका - 8 को एकरारनामा में सम्मिलित कर दिया जाएगा । यदि इनकी बन्दोबस्ती मत्स्य सहयोग समिति के साथ की जायगी तो कंडिका (6) में के शर्तों के आलोक में की जाएगी ।

3- ऐसे जलकर जिनका वार्षिक सुरक्षित जमा पचास हजार तक होगी की बन्दोबस्ती समाहर्त्ता करेंगे पचास हजार से उपर तथा दो लाख रुपये तक हो, उनकी बन्दोबस्ती की स्वीकृति एजेंसी द्वारा प्रमण्डलीय आयुक्त से प्राप्त की जायेगी । जिन जलकरों का वार्षिक जमा दो लाख रूपये से उपर की होगी उसकी बन्दोबस्ती की स्वीकृति एजेंसी द्वारा राजस्व विभाग से प्राप्त कर की जाएगी ।

4- चार हेक्टर से अधिक जलक्षेत्र वाले जलकर की बन्दोबस्ती राजस्व विभाग द्वारा पूर्व में निर्गत परिपत्रों के अनुसार ही मत्स्य जीवी सहयोग समिति के साथ प्राथमिकता के आधार पर की जायगी ।

5- बन्दोबस्ती की अवधि आरम्भ होने के लगभग तीन महीना पहले एजेंसी के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जलकरों की सूचि जिला समाहर्त्ता-सह-अध्यक्ष एवं जिला सहकारिता पदाधिकारी को भेजेंगे जिसमें प्रखंडवार जलकरों का विवरण जैसे जलकर का नाम, खाता एवं खेसरा नम्बर, कुल क्षेत्रफल (जैसा सैरात पंजी में दर्ज हो) तथा जल क्षेत्र, पिछले तीन वर्षों का वार्षिक जमा तथा उनके सुधार एवं प्रथम वर्ष आदान ऋण पर प्रस्तावित राशि का उल्लेख होगा ।

6- स्थानीय मत्स्य जीवी सहयोग समितियों की सक्षमता की जांच राजस्व विभागीय पत्रांक - 432, रा0 दिनांक 23.2.83 में गठित जिला स्तरीय समिति के द्वारा की जायेगी जिला सहकारिता पदाधिकारी निम्नांकित बिन्दुओं परएक पक्ष में समिति को प्रतिवेदन देंगे ।

(क) सभी सरकारी वकाम का समय पर भुगतान हुआ है अथवा नहीं तथा समिति के जिम्मे कोई सरकारी बकाया तो नहीं है ।

(ख) अद्यतन लेखा अंकेक्षण हुआ है अथवा नहीं । समिति का कारोवार लगातार घाटे में तो नहीं है ।

(ग) नियमित रूपसे समय पर समिति कीआम सभा हुई है अथवा नहीं ।

(घ) समिति नियमानुसार निबंधित है अथवा नहीं ।

(ङ) समिति द्वारा लाभांश वरिष्ट संस्थाओं को उपलब्ध किया गया है तथा सदस्यों के बीच बांटा गया है या नहीं ।

(च) जिला स्तरीय समिति उपरोक्त बिन्दुओं के अतिक्ति मुख्य रूप से देखेंगे की स्थानीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति को जिला सहकारिता बैंक अथवा प्राधिकृत वाणिज्य बैंक से पोखरे के विकास हेतु ऋण लेने के लिये (Letter of intent) प्राप्त है या नहीं। यदि समिति ऋणउपलब्ध कराने संबंधी (Letter of intent) उपलब्ध नहीं करा पाती है तो समिति को बन्दोबस्ती के लिये सक्षम नहीं माना जा सकता है । यह प्रक्रिया व्यक्ति विशेष के लिये नहीं लागू रहेगा ।

प्रखण्ड वार चार हेक्टर तक जल क्षेत्र जलचरों की बन्दोबस्ती संबंधित पंचायत के निम्न कोटि के व्यक्ति या व्यक्तियों के साथ निम्न प्राथमिकता के आधार पर किया जाय ।

(1) पंचायत के मछुआ, जो समिति के सदस्य हों,

(2) पंचायत का मछुआ, जो समिति के सदस्य नहीं है और प्रशिक्षण प्राप्त हैं ।

(3) पंचायत का मछुआ जो प्रशिक्षण प्राप्त नही है ।

(4) अन्य व्यक्ति जिन्हें मत्स्य पालन में अभिरुची हो ।

(3) एवं (4) कोटि के व्यक्तियों को प्रशिक्षण की व्यवस्था करा दी जाय ।

8- अगर पट्टेदार जलकर में समय पर विकास कार्य नहीं करेंगे अथवा जलकर का वार्षिक जमा एवं बैंक के कर्ज का किस्त समय पर अदायगी नहीं करेंगे तो मत्स्य पालक विकास एजेंसी को यह अधिकार रहेगा कि समिति अथवा मत्स्य पालक के साथकी गई बन्दोबस्ती को पूर्व सूचना के आधार पर रद्द कर दें । ऐसे मामलों में पट्टेदार पर बिहार पब्लिक डिमांड रिकभरी एक्ट के अन्तर्गत कानूनी कार्रवाई की जा सकती है ।

9- प्रथम चरण में प्रत्येक सरकारी जलकर को 10 वर्षों के लिए बन्दोबस्ती किया जाएगा इसके लिए प्रथम वर्ष का सुरक्षित जमानिर्धारण पिछले तीन वर्षों के औसत जमा के आधार पर की जायगी । इसके बाद प्रत्येक दो वर्ष के बाद रक्षित जमा में पन्द्रह से बीस प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की जायेगी रक्षित जमा का निर्धारण एवं उसमें बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा समाहर्त्तासह अध्यक्ष को प्रेषित कर स्वीकृत कराया जाएगा ।

10- बन्दोबस्ती की सारी औपचारिकताएं बन्दोबस्ती की अवधि आरम्भ होने के पहले ही पूरी कर ली जाएगी ताकि पट्टेदार को समय पर तालाब का कब्जा प्राप्त हो जाय ।

11- अंचलाधिकारी से प्राप्त जलकरों की सूची में जो जलकर बन्दोबस्ती से जिस तिथि से मुक्त होगा उस तिथि से उसकी बन्दोबस्ती एजेंसी द्वारा उपर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार की जायगी जिसकी पूर्व सूचना मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा अंचल, अनुमण्डल एवं जिला राजस्व कार्यालय को दे दी जाएगी ।

12- प्रतिवर्ष लक्ष्य के अनुसार एजेंसी द्वारा जलकरों कीलम्बी अवधि की बन्दोबस्ती की जाय तथा उसमें कोई बाधा उपस्थित नहीं हो इसका ध्यान समाहर्त्ता रखेंगे ।

13- जिन तालाबों / पोखरों को राजस्व विभाग द्वारा अभी तीन साल के लिए बन्दोबस्त कर दिया गया हो और अभी एकरारनामा नहीं किया गया है तो उसे एक ही वर्ष के लिए बनदोबस्ती हेतु एकरारनामा पट्टेदार के साथ किया जाय । अगर इन जलकरों को एजेंसी द्वारा मांग की जाती हो तो वर्तमान बन्दोबस्ती रद्द (अगर राजस्व विभाग द्वारा एकरारनामा नहीं किया गया हो) कर एजेंसी को सौप दिया जाय ।

14- सैरात में दर्ज ऐसे जलकर जो परती पड़ा हुआ हो एवं विकास के अभाव में उसकी बनदोबस्ती संभव नहीं हो सका हो तो ऐसे जलकरों की सूची अंचलाधिकारी द्वारा एजेंसी को उपलब्ध करा दी जाय ताकि उसका विकास एवं बन्दोबस्ती हो सके ।

15- ऐसे भी जलकर जो सरकारी होते हुए भी राजस्वपूंजी में दर्ज नहीं है और उनकी बन्दोबस्ती नहीं की जाती है, एजेंसी द्वारा ऐसे तालाबों की सूचना प्राप्त होने पर अंचलाधिकारी राजस्व पंजी में उन्हें दर्ज कर लेंगे और इसका सुरक्षित जमाअपर समाहर्त्ता से निर्धारित कराकर एजेंसी को सौंप देंगे ।

16- तालाब /पोखर का जलक्षेत्र भिण्डा छोड़कर जिसमें अधिकतम पानी स्थिर रह सकता हो को ही माना जाएगा ।

17- मत्स्यजीवी सहयोग समिति के साथ 50,000/- रु0 तक के सुरक्षित जमा वाले तालाबों की बन्दोबस्ती हेतु अनुशंसा देने के लिए जिला सहकारिता पदाधिकारी सक्षम होंगे । 50,000/- रु0 से उपर तथा दो लाख तक संयुक्त निबंधक एवं दो लाख से अधिक की सैरातों की अनुशंसा सहकारिता विभाग (मुख्यालय) द्वारा दी जायगी । जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं संयुक्त निबंधक दो सप्ताह में अनुशंसा दे देंगे तथा सहकारिता विभाग अपनी अनुशंसा एक माह के अंदर दे देगी । समय पर अनुशंसा प्राप्त नहीं होने पर मत्स्यजीवी सहयोग समिति को सक्षम नहीं माना जायेगा। चूँकि बन्दोबस्ती अवधि 10 वर्षों के लिए निर्धारित की गई है इसलिये सहकारिता विभाग के सक्षम पदाधिकारी द्वारा समिति को एक साथ दस वर्षों के लिए अनुशंसा दी जायेगी ।

18- प्रखण्ड समिति नियमानुकूल कार्य करती है या नहीं इसके लिए एक समिति अनुमण्डल स्तर पर गठित की जायेगी। इसके सदस्य अनुमण्डलाधिकारी सहकारिता विभाग के एक पदाधिकारी तथा पशुपालन एवं मत्स्य विभाग के एक पदाधिकारी रहेंगे ।

19- राजस्व विभागीय परिपत्र संख्या- 1929 दिनांक 5.11.80 में यह प्रावधान है कि वैसे बकाये (जो छुट के दावे के लिए लंबित नहीं है) की बन्दोबस्ती के समय आधी राशि जमा कर दें और शेष राशि को बराबर किस्तों में तीन-तीन माह पर जमा करेंगे । इस प्रावधान को विलोपित किया जाता है ।

20- राजस्व विभाग (मुख्यालय द्वारा एक वर्ष के बाद पुनः विश्व बैंक परियोजना कार्यान्वयन के क्रम में उपर्युक्त निर्णय का क्या असर पड़ा उसकी समीक्षा की जायेगी । समीक्षोपरान्त यदि यह पाया गया कि इसका कार्यान्वयन सही ढंग से नहीं हो रहा है तो जलकरों को पुनः वापस ले लिया जायेगा ।

यदि बन्दोबस्ती में किसी तरह की अनियमितता बरती जायेगी तो उसे राजस्व विभाग (मुख्यालय) को रद्द करने का पूर्ण अधिकार रहेगा।

यह आदेश तत्कालित प्रभाव से पूर्व में एतद सम्बन्धी निगत सभी आदेशों को संशोधित मानते हुए लागू समझा जायेगा ।

विश्वासभाजन

(एस0 के चक्रवर्ती)
सरकार के अपर सचिव ।

ज्ञापांक - 14/सै0-2-0-8/83 41 भू0 सु0, पटना 15, दिनांक 18.1.84

प्रतिलिपि आयुक्त-सह सचिव, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग/आयुक्त सह-सचिव, सहकारिता विभाग/निबंधक, सहयोग समिति बिहार पटना/ निदेशक, मत्स्य, बिहार पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित ।

(एस0 के चक्रवर्ती)
सरकार के अपर सचिव ।

पत्र संख्या :- 14/सै० -2-0-9/82 भाग - 2 432 - रा०

बिहार सरकार,

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ।

प्रेषक,

श्री राम वृक्ष बैठा,
सरकार के संयुक्त सचिव ।

सेवा में,

प्रमंडलीय आयुक्त, पटना/तिरहुत/ प्रमंडल/ भागलपुर/ सहरसा/दरभंगा /सारण ।
उत्तर बिहार के सभी जिलाधिकारी एवं जिला पदाधिकारी, पटना तथा मुंगेर ।

पटना - 15, दिनांक 3-3-1983 ई० ।

विषय :- 2½ एकड़ क्षेत्रफल तक सरकारी तालाबों की बंदोबस्ती जिला मत्स्य विकास अभिकरण द्वारा किये जाने के संबंध में ।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में मुझे कहना है कि राजस्व विभाग के पत्रांक - 317 रा० दिनांक 23.3.82 के द्वारा (प्रतिलिपिसंलग्न) यह निदेश दिया गया था कि ढ़ाई एकड़ तक के क्षेत्रफलवाले तालाबों की बंदोबस्ती जिला अभिकरण द्वारा किया जाय वशर्ते बंदोबस्तीकरते समय जिला अभिकरण सर्वप्रथम उन्ही मत्स्यजीवी सहयोग समिति को प्रश्रय देगा जिनकी आर्थिक स्थिति अच्छी हो और वे हर हालत में बंदोबस्ती लेने हेतु सक्षम हों । मत्स्यजीवी सहयोग समिति की सक्षमता कीजांच करने के लिये जिला स्तर पर एक समिति गठित करने का भी निदेश दिया गया था । इस संबंध में सरकार को यह सूचना मिली है कि उपर्युक्त निदेश के बावजूद ढ़ाई एकड़ तक के क्षेत्रफल वाले तालाबों को बंदोबस्ती अभिकरण द्वारा करने के संबंध में प्रगति नहीं हो रही है । इसकीसमीक्षाविकासआयुक्त के स्तर पर की गई और विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया कि मत्स्यजीवी सहयोग समिति की सक्षमता की जांच करने के लिये जिला स्तर पर जो समिति बनाई गयी है उसे और व्यापक बनाया जाय । अत: यह निर्णय लिया गया कि मत्स्यजीवी सहयोग समितियों की सक्षमता की जांच करने के लिये जिला स्तर पर समाहर्त्ता की अध्यक्षता में निम्नांकित पदाधिकारियों की एक समिति गठित की जाय :-

(1) अपर समाहर्त्ता ,
(2) जिला सहकारिता पदाधिकारी,
(3) मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, एफ० एफ० डी० ए०
(4) केन्द्रीय सहकारिता बैंक के कार्यपालक पदाधिकारी, एवं
(5) प्रासंगिक संबद्ध बैंकों के जिला प्रधान ।

2- मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, एफ० एफ० डी० ए० 2½ एकड़ तक के क्षेत्रफल वाले उस जिला में अवस्थित तालाबों की सूची जिला समाहर्त्ता को देगा । जिला समाहर्त्ता सूची प्राप्त होते ही इस बात की छानबीन करेगा कि सूची में अंकित तालाबों की बंदोबस्ती के लिये कोई सक्षम मत्स्यजीवी सहयोग समिति उपलब्ध है या नहीं । अगर सक्षम मत्स्यजीवी सहयोग समिति उपलब्ध है तो वैसीपरिस्थिति में इन तालाबों की बंदोबस्ती मत्स्यजीवी सहयोग समिति के साथ अभिकरण द्वारा की जाएगी । अगर इन तालाबों की बंदोबस्तीलेने के लिये कोई सक्षम मत्स्यजीवी सहयोग समिति उपलब्ध नहीं है तो वैसी परिस्थिति में चयन किये गये सुयोग्यएवं प्रशिक्षित व्यक्ति विशेष के साथ अभिकरण द्वार बंदोबस्तीकी जाएगी । सह बंदोबस्ती दस वर्षों के लिए होगी । यह निर्णय मौजुदा बंदोबस्ती अवधि समाप्त होने के तीन माह पूर्व हीकर लेना होगा । इसी प्रक्रिया के अनुसार ढ़ाई एकड़ तक के क्षेत्रफल वाले उन्हीं तालाबों की बंदोबस्ती अभिकरण द्वारा की जाएगी जिसकी मौजूदा बंदोबस्ती की अवधि समाप्त होने वाली हो ।

3- अभिकरण द्वारा बंदोबस्त किये गये तालाबों से प्राप्त बंदोबस्ती कीराशि मद- 112-मत्स्य उद्योग (आय) के लघु शीर्ष किराये मे जमाकी जाएगी ।

4- इस हद तक जलकरो की बंदोबस्ती के संबंध में दिये गये सभी पूर्व निदेशों को संशोधित समझा जाए ।

विश्वासभाजन

(रामवृक्ष बैठा)
सरकार के संयुक्त सचिव ।

पत्र संख्या :- 14/सै० -2-0-33/82 2 - रा०

बिहार सरकार,

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ।

प्रेषक

श्री रामवृक्ष बैठा

सरकार के संयुक्त सचिव ।

सेवा में,

सभी आयुक्त / सभी समाहर्त्ता ।

पटना, दिनांक 8.1.82

विषय :- सभी प्रकार के सैरातों (पेरेनियल ननपैरेनियल एवं मछली सह मखाना की बंदोबस्तीके सबंध में नीति का निर्धारणके संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक विभागीय पत्रांक - 261 रा० दिनांक 12.2.81 के क्रम में मुझे सूचित करना है कि उक्त पत्र में सुरक्षित जमा के निर्धारित के संबंध में निर्गत निदेशमें निम्न प्रकार से आंशिक संशोधन किया जाता है ।

सुरक्षित जमा का निर्धारण करने में जलकरों के विकास एवं मछली की वसूली एवं कीमत को मद्देनजर रखते हुए सुरक्षित जमा तीन वर्ष पर निर्धारित की जायगी परन्तु यह सुरक्षित जमा की राशि किसी भी हालत में विगत वर्षों की सुरक्षित राशि/बन्दोबस्ती की राशि जो भी अधिक हो से 15 पन्द्रह प्रतिशत अधिक से कम नहीं होगी

विश्वासभाजन

(रामवृक्ष बैठा)

सरकार के संयुक्त सचिव ।

ज्ञापांक 2 रा०, पटना , दिनांक 28.12.81

प्रतिलिपि सभी अपर समाहर्त्ता / सभी अनुमंडलाधिकारी / सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता एवं अंचलाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित ।

(रामवृक्ष बैठा)

सरकार के संयुक्त सचिव ।

ज्ञापांक 2 रा०, पटना , दिनांक 28.12.81

प्रतिलिपि सहकारिता विभाग, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग को सूचनार्थ प्रेषित ।

(रामवृक्ष बैठा)

सरकार के संयुक्त सचिव ।

पत्र संख्या :- 14/सै० -I-0-5/81 (खण्ड) -448 रा०

बिहार सरकार,

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ।

प्रेषक,

श्री रामवृक्ष बैठा

सरकार के संयुक्त सचिव ।

सेवा में,

समाहर्त्ता ।

गोपालगंज ।

पटना - 15, दिनांक 12.4.82

विषय :- जलकरों का सुरक्षित जमा निर्धारण करने के सम्बन्ध में ।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक आपका वेतार सम्बाद संख्या - 57 दिनांक 9.2.82 के प्रसंग में मुझे सूचित करना है कि विभागीय परिपत्र सं0 2 रा दि0 8.1.82 में सभी प्रकार के सैरातों का तात्पर्य सभी प्रकार के जलकरों यथा पेरेनियल, नन-पेरेनियल एवं मछली सह मखाना जलकरों से है । इस प्रकार के जलकरों के सुरक्षित जमा के निर्धारण में जलकरों के विकास एवं मछली की बढ़ती हुई कीमत को ध्यान में रखते हुये कम से कम 15 प्रतिशत की वृद्धि करनी है यदि वर्ष 81-82 के लिये सुरक्षित जमा का निर्धारण 10 प्रतिशत बढ़ाकर किया गया है तो उक्त परिपत्र के आलोक में उसपर मात्र 5 प्रतिशत और अधिक बढ़ाकर सुरक्षित जमा का निर्धारण करना है ।

विश्वासभाजन

(रामवृक्ष बैठा)
सरकार के संयुक्त सचिव ।

ज्ञापांक 448 रा0, पटना , दिनांक 12.4.82

प्रतिलिपि सभीसमाहर्त्ता/ उपायुक्त / प्रमण्डलीय आयुक्त की सूचनार्थ प्रेषित ।

(रामवृक्ष बैठा)
सरकार के संयुक्त सचिव ।

पत्र संख्या :- 14/सै० -2-0-37/79 1388 - रा०

बिहार सरकार,

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ।

प्रेषक,

श्री रामवृक्ष बैठा

सरकार के संयुक्त सचिव ।

सेवा में,

सभी प्रमण्डलीय/आयुक्त

सभी उपायुक्त

सभी समाहर्त्ता ।

पटना, दिनांक $\frac{1}{2}$ ली जुलाई 1981

विषय :- जलकरों/फलकरों को परता घोषित करने के संबंध में ।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय पर मुझे कहना है कि कभी-कभी प्राकृतिक आपदाओं या अन्य कारण विशेष से कुछ जलकर सूख जाते हैं आम, महुआ, खजूर ताड़ आदि फलकरों में किसी वर्ष या तो फल हीं आ पाते हैं अथवा उनके फल गिर जाते हैं या ताड़ी आदि नहीं मिल पाने के कारण बन्दोबस्ती के अयोग्य हो जाते हैं और इनकी बन्दोबस्ती उस वर्ष नहीं हो पाता है । कुछ जलकर / फलकरों की प्राकृतिक अवस्था में परिवर्तन हो जाने के कारण वे स्थायी रूप से बन्दोबस्ती के सर्वथा अयोग्य हो जाते हैं ।

2- विभागीय परिपत्र संख्या - 9368 दिनांक 21.10.66 में यह आदेश है कि यदिजलकर कुछ समय के लिऐ सूख जाँय और स्थानीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियां बन्दोबस्ती लेने के लिए तैयार नहीं हों तो वैसी स्थिति में समितियों को बन्दोबस्ती लेने के लिए बाध्य नहीं किया जाए। ऐसे जलकरों की बन्दोबस्ती खुली डाक द्वारा करनी है और जब खुली डाक में भी बन्दोबस्ती नहीं हो तो सैरात पंजी में इस बात को अंकित कर देना है ताकि भविष्य में यह मालूम हो सके कि किस कारण विशेष से संबंधित सैरात परता रह गया ।

3- इसी प्रकार फलकरों के संबंध में सरकार ने निर्णय लिया है कि आम, महुआ, ताड़, खजूर आदि फलकरों में फल नहीं आने या उनके फल गिर जाने अथवा ताड़ी नहीं आने पर यदि किसी वर्ष वे बन्दोबस्ती के अयोग्य हो जाएँ और उनकी बन्दोबस्ती नहीं हो सके तो ऐसे फलकर सैरात के मामलों में भूमि सुधार उप समाहर्ता या अन्य राजपत्रित पदाधिकारी से जो उस अंचल के अंचलाधिकारी से भिन्न हों, व्यक्तिगत जांच करवाकर सीमित अवधि के लिये परता घोषित करने की कार्रवाई की जाय ।

4- 100 /- रु० तक के सुरक्षित जमा के जलकर / फलकर सैरात को अस्थायी रूप से परता घोषित करने के लिये अनुमंडलाधिकारी सक्षम होंगे लेकिन 100 रु० से अधिक सुरक्षित जमा वाले जलकर/फलकर सैरात उपर्युक्त विधि से सिमित अवधि के लिये परता घोषित करने के लिए समाहर्त्ता सक्षम होंगे । प्रत्येक मामले में अंचल पदाधिकारी से भिन्न राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा स्थायी जांच कराकर ही अनुमंडल पदाधिकारी/ समाहर्त्ता परता घोषित करने का आदेश दे सकेंगे ।

5- जिन जलकरों/फलकरों की प्राकृतिक अवस्था में स्थायी परिवर्तन हो गये हों बहुत दिनों से उनकी अन्दोबस्ती नहीं हो सकी हो एवं बन्दोबस्ती के लिए सर्वथा अयोग्य हों तथा भविष्य में उनकी बन्दोबस्ती की सम्भावना बिल्कुल ही खत्म हो गयी हो तो ऐसे सैरात को सैरात पंजी से विमुक्त करने के लिए अनुमंडल के भूमि सुधार उप समाहर्त्ता या किसी अन्य राजपत्रित पदाधिकारी से जो अंचल के अंचलाधिकारी से भिन्न हों, व्यक्तिगत रूप से स्थानीय जाँच करवाकर आयुक्त के माध्यम से सरकार को प्रस्ताव भेजा जाय । प्रस्ताव में सैरात का पूर्ण विवरण, प्लौट नं०, खाता नम्बर, कुल क्षेत्रफल विगत पांच वर्षों की बन्दोबस्ती राशि आदि सूचनाएं अंकित रहनी चाहिए । मुकदमे बाजी से संबंधीत मामलों में स्थानीय वकील की राय भी ले ली जानी चाहिए ।

6- आपसे अनुरोध है कि इस अनुदेशों से सभी अधीनस्थ पदाधिकारियों को अवगत करा दिया जाय ।

विश्वासभाजन

(रामवृक्ष बैठा)

सरकार के संयुक्त सचिव ।

पत्र संख्या :- 7878 /5/ मत्स्य 31/81 पटना दिनांक 12 जून 1981

सहकारिता विभाग

बिहार सरकार ।

प्रेषक,

श्री वी० पी० सिंह,
संयुक्त निबंधक, (कृषि)
बिहार, पटना ।

सेवा में,

सभी प्रमंडलीय संयुक्त निबंधक,
सहयोग समितियां
सभी जिला सहकारिता पदाधिकारी
सभी सहायक निबंधक,
सहयोग समितियां ।

विषय :- **मत्स्य जीवी सहयोग समिति बन्दोबस्ती राशि की किस्त जमा करने एवं सैरातों के जमा के छूट (रेमिशन) देने के संबंध में दिये जाने वाले आवेदन पत्रों पर फीस का निर्धारित**

महाशय,

उपर्युक्त विषय से संबंधित राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के पत्रांक 2253 दिनांक 31.12.76 एवं और भी संबंधित परिपत्र को सूचनार्थ एवं आवश्य कारवाई हेतु संलग्न की जाती है ।

विश्वासभाजन

(वी० पी० सिंह)
संयुक्त निबंधक (कृषि)

पत्रांक 8/से 7-12/74 200 भु0 सु0

बिहार सरकार,

राजस्व विभाग ।

प्रपक,

श्री ब्रजनन्दन सिंह,

सरकार के उप सचिव ।

सेवा में,

सभी अपर समाहर्ता

पटना -15, दिनांक 25 जनवरी 1974

विषय :- जिला स्तर पर सैरात छानबीन समिति का गठन ।

महोदय,

